अजमेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर से प्रकाशित

@DailyNavajyoti @DainikNavajyotiNews feedback@dainiknavajyoti.com dainiknavajyoti

Since 1936

संस्थापक : स्व. कप्तान दुर्गाप्रसाद चौधरी

# दैनिक नवज्योति

90 YEARS since 1936 विश्वसनीयता के dainiknavajyoti.com

राष्ट्रीय

अजमेर, मंगलवार, 16 जून, 2026

नगर संस्करण प्रभात ** वर्ष 90 | अंक 164 मूल्य 4.50 (पृष्ठ संख्या 14)

RNI No. - 3575

द्वितीया ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत 2083


# राजस्थान की जनता के नाम एक भावनात्मक अपील

## हम पानी बंद नहीं करना चाहते... हम सिर्फ अपना हक चाहते हैं

### गांव-गांव तक पानी पहुंचाने वालों को अपने न्याय संगत भुगतान के लिए कब तक करना पड़ेगा इंतजार ?




## राजस्थान की पेयजल आपूर्ति बंद 17.06.2026 सुबह 10 बजे से

हम जलदाय विभाग के संवेदक राजस्थान की जनता का ध्यानाकर्षण हमारी समस्याओं की ओर आकर्षित कर यह विनम्र निवेदन करते हैं कि राजस्थान सरकार एवं जलदाय विभाग की हठ धर्मिता से हमारा न्यायसंगत और लंबित भुगतान पिछले 35 माह से बकाया है । पिछले 3 माह से जलदाय विभाग और सरकार के साथ विभिन्न स्तरों पर वार्ता, धरना, प्रदर्शन और समझौता पत्र जारी होने के बावजूद हमारी आठ प्रमुख मांगों में से एक भी मांग पर कोई कार्यवाही नहीं हुई हैं । भुगतान के अभाव में हमारे कर्मचारी एवं मजदूर बिना वेतन /मजदूरी के कार्य करने को तैयार नहीं है तथा मजबूरन हमारे कार्मिक राजस्थान की जनता की पेयजल आपूर्ति बंद करने हेतु विवश हैं । राजस्थान की जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहते परन्तु पानी की आपूर्ति बन्द करने के अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं है ।

**पेयजल आपूर्ति बन्द**
**17.06.2026**
**सुबह 10:00 बजे: से**


## क्यों संकट में है राजस्थान की पेयजल व्यवस्था ?

- लंबित भुगतान 35 महीने से रुका हुआ
- बढ़ता कर्ज ब्याज और आर्थिक बोझ
- संघर्षरत परिवार घर-परिवार की मुश्किलें
- प्रभावित कार्य भविष्य की परियोजनाएं अटकी
- पेयजल आपूर्ति पर असर गांव-गांव पानी का संकट

## हमारी प्रमुख समस्याऐं

- ☑ कर्मचारियों एवं ऑपरेटरों के वेतन का भुगतान नहीं हो रहा।
- ☑ वाहनों, मशीनों एवं डीजल का खर्च उठाना कठिन हो गया है।
- ☑ बैंक ऋणों का ब्याज लगातार बढ़ रहा है।
- ☑ लाखों परिवार आर्थिक असुरक्षा का सामना कर रहे हैं।
- ☑ लंबित भुगतानों का तत्काल निस्तारण किया जाए।
- ☑ पूर्व में किए गए आश्वासनों एवं समझौतों की पूर्ण पालना की जाए।
- ☑ जल जीवन मिशन एवं पेयजल योजनाओं का संचालन कैसे करें ।
- ☑ बिना भुगतान जनता को पानी कैसे पिलाएं।


## :: समझौता पत्र ::



समझौता पत्र

आज दिनांक 22.04.2026 को दोपहर 03:00 बजे ऑल राजस्थान पीएचईडी कान्ट्रेक्टर एसोसिएशन (संघर्ष समिति) की विभिन्न मांगो के संदर्भ में माननीय मंत्री, जन स्वा. अभि. विभाग की अध्यक्षता में समझौता वार्ता हुई, जिसमें लिए गए निर्णय निम्नानुसार है :-

1. संवेदको के बकाया भुगतान करने के संबंध में निर्णय हुआ कि राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार से प्रयास करके माह मई 2026 के अन्त तक राशि रू. 2,500.00 करोड़ का भुगतान करवाया जावेगा। शेष भुगतान भी शीघ्र करवाये जाने का प्रयास रहेगा। केन्द्रीय अंश प्राप्ति में देरी होने से अन्य राज्यों की तर्ज पर राज्य मद से भुगतान किये जाने का प्रस्ताव वित्त विभाग को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जायेगा।
2. पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के कार्यों के फाईनल भुगतान के संबंध में आश्वासन दिया गया कि 15 मई 2026 तक फील्ड से बकाया अन्तिम बिलों की डिटेल मंगवाकर चरणबद्ध तरीके से अन्तिम भुगतान किया जावेगा।
3. डेविएशन की स्वीकृति फील्ड में किए गए कार्यों में किए गए डेविएशन का भुगतान केस-टू-केस चिन्हित करके अनुमोदन करवाने की कार्यवाही की जावेगी।
4. पूर्ण हो चुकी योजनाओं का स्थानान्तरण- इस संबंध में यह निर्णय हुआ कि जेजेएम की गाईडलाईन/विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्ण हो चुकी योजनाओं को O&M पॉलिसी के अनुसार स्थानान्तरित किया जाएगा।
5. योजनाओं का समय विस्तार- इस बारे में निर्णय हुआ कि केन्द्रीय मद से बजट आंवटन नहीं होने के कारण मई 2024 से मई 2026 तक बिना क्षतिपूर्ति के समय बढ़ाने के प्रकरण दिनांक 04 मई 2026 तक वित्त विभाग को प्रेषित किया जायेगा।
6. जीएसटी दर का अतिरिक्त भुगतान करने के बारे में निर्णय हुआ कि वित्त विभाग से सहमति लेकर, बढी हुई जीएसटी निविदा की शर्तो के अनुसार संवेदको को लौटाये जाने की कार्यवाही की जावेगी।



7. प्राईस वेरिएशन के बारे में निर्णय लिया गया कि जिन परियोजनाओं में प्राइस वेरिएशन का क्लॉज लिया हुआ है, उन योजनाओं में संवेदकों को प्राइस वेरिएशन का भुगतान करवाया जाएगा।
8. टीपीआई द्वारा ड्रॉईंग-डिजाईन के अनुमोदन में देरी एवं बिलों के सत्यापन में देरी के लिए टीपीआई का उत्तरदायित्व निर्धारित कर, आवश्यक कार्यवाही की जायेगी और टीपीआई को समयबद्ध रूप से कार्य करने के निर्देश दिये जायेंगे।
9. अमृत 2.0 की योजनाओं के लम्बित भुगतान के बारे में निर्णय हुआ कि माह मई 2026 तक भुगतान करवाया जावेगा।
10. अधिशाषी अभियन्ता स्तर पर संवेदकों के जो बिल फाईनल पड़े है एवं जिन कार्यों में टीपीआई नही थी, उन्हें विभागीय स्तर पर 15 मई 2026 तक निस्तारित किया जावेगा।
11. जिन कार्यों का O&M चालू है, उन्हें प्राथमिकता के साथ फाईनल किया जावेगा।

मुख्य अभियन्ता (जेजेएम) जन स्वा. अभि. विभाग, जयपुर

अध्यक्ष (संघर्ष समिति) ऑल राजस्थान पीएचईडी कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन

मुख्य अभियन्ता (ग्रा. यो.) जन स्वा. अभि. विभाग, जयपुर

**हम केवल अपना बकाया भुगतान मांग रहे है।**
**अपने कर्मचारियों के भविष्य और राजस्थान की पेयजल व्यवस्था को बचाने की मांग कर रहे हैं।**

**भुगतान दो – जल जीवन मिशन बचाओ, जनता को पानी दो !**

## संवेदकों को न्याय दो, राजस्थान की पेयजल व्यवस्था बचाओ।

अजमेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर से प्रकाशित
@DailyNavajyoti @DainikNavajyotiNews feedback@dainiknavajyoti.com dainiknavajyoti Since 1936
संस्थापक : स्व. कप्तान दुर्गाप्रसाद चौधरी

# दैनिक नवज्योति

राष्ट्रीय
अजमेर, मंगलवार, 16 जून, 2026
RNI No. - 3575
द्वितीया ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत 2083

## 3 वर्षीय बच्ची पर कुत्ते का हमला

### चेहरे पर लगे 40 टांके

**एजेंसी/धार।** मध्यप्रदेश में धार जिले की नालछा तहसील के ग्राम बांग्ला में एक आवारा श्वान के हमले में तीन वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। श्वान ने बालिका के चेहरे पर हमला कर उसकी नाक और कान के पास के हिस्से को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। बाद में इंदौर में चिकित्सकों ने जटिल प्लास्टिक सर्जरी कर बालिका की नाक के हिस्से का पुनर्निर्माण किया। दरअसल मासूम सोमवार को घर के आंगन में खेल रही थी। इसी दौरान एक आवारा श्वान घर में घुस आया और उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बालिका को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसके चेहरे पर अत्यंत गहरे घाव थे। करीब दो घंटे तक चले उपचार के दौरान चिकित्सकों ने घावों को सुरक्षित करने के लिए लगभग 40 टांके लगाए।

## कोचिंग सेंटर विवाद: रौशन आनंद को मिली जमानत

**एजेंसी/पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित खान ग्लोबल स्टडीज के गार्ड के साथ मारपीट करने के मामले में जेल में बंद ज्ञान बिन्दू कोचिंग संस्थान के निदेशक रौशन आनंद को पटना की एक सत्र अदालत ने सोमवार को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गौरव सिंह की अदालत में रौशन आनंद की ओर से दाखिल की गई जमानत याचिका पर बहस करते हुए उसके वकील ने अपने मुवक्किल को निर्दोष बताया और उसे जमानत पर मुक्त किए जाने की प्रार्थना की। सरकारी वकील ने जमानत अर्जी का विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने रौशन को जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया है।

## राम मंदिर के चढ़ावे का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दान की कथित चोरी का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एक वकील ने पत्र लिखकर सुप्रीम कोर्ट से इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेकर जांच कराने की मांग की है। वकील अनूप अवस्थी ने सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखकर कहा है कि ये मसला देश के करोड़ों लोगों की आस्था के साथ जुड़ा हुआ है। पत्र में मांग की गई है कि इस मामले की जांच कोर्ट की निगरानी में की जाए। पत्र में कहा गया है कि ये मंदिर 2020 में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बने ट्रस्ट के द्वारा संचालित है।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेवर) से उड़ानें शुरू

**एजेंसी/ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोमवार को वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन शुरू हो गया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू की मौजूदगी में लखनऊ से आई इंडिगो की पहली विशेष उड़ान 6ई2278 का पारंपरिक वाटर कैनन सैल्यूट के साथ रनवे पर स्वागत किया गया। वहीं, लखनऊ जाने वाली विशेष उड़ान 6ई5212 को नायडू और अन्य गणमान्य अतिथियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद बेंगलुरु के लिए विशेष उड़ान रवाना हुई। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली-एनसीआर का दूसरा बड़ा हवाई अड्डा बन गया है।

## व्हाट्सअप पर खूब चला

'जिस प्रकार पौधे को उगाने के लिए महंगे गमले की जरूरत नहीं होती, बस गुणवत्ता वाली मिट्टी की जरूरत होती है। उसी प्रकार बच्ची को बड़ा करने के लिए अधिक संपत्ति की जरूरत नही बल्कि संस्कारोंकी जरूरत होती हैण !

आदत थी रिश्तो में दुध-शक्कर की तरह घुल-मिल जाने की! याद ही नहीं रहा कि जमाना तो शुगर फ्री हो गया है।

दर्द कम हो जाता है... पर जिसने दिया हो, वो याद रहता है।

संकलनः कोसिनोक जैन


---

**जल संकट के बीच राष्ट्रीय परियोजना की रफ्तार पर बड़ा सवाल**

# पानी की दो तस्वीरें: कहीं तबाही मचाए, कहीं बूंद को तरसाए

## एक देश: फिर नदियां क्यों नहीं जुड़ीं ?

### तीस लिंक चिन्हित, पर अमल में केवल केन-बेतवा




**नई दिल्ली।** हर साल मानसून में देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग तस्वीरें सामने आती हैं। जहां एक ओर असम, बिहार और पूर्वी भारत में बारिश के बाद नदियां अपना विकराल रूप दिखाती हैं वहीं बुंदेलखंड, राजस्थान और दक्षिण के अनेक हिस्सों में पानी की कमी के कारण धरती फटती नजर आती है। इसी असमानता को कम करने के लिए बनी नदी-जोड़ो परियोजना दशकों बाद भी कागजों, सहमतियों और अधूरी विस्तृत परियोजना रिपोर्टों से निकल कर धरातल पर नहीं आ पाई है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के तहत 30 नदी-लिंक चिन्हित हैं-14 हिमालयी और 16 प्रायद्वीपीय। जुलाई 2025 तक सभी की पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट, 26 की व्यवहार्यता रिपोर्ट और केवल 11 की डीपीआर पूरी हुई थी। फरवरी 2026 तक सिर्फ केन-बेतवा लिंक कार्यान्वयन चरण में पहुंचा। लगभग 44,605 करोड़ रुपए की यह परियोजना 10.62 लाख हेक्टेयर वार्षिक सिंचाई, करीब 62 लाख लोगों को पेयजल और 130 मेगावाट जल तथा सौर ऊर्जा क्षमता देने का लक्ष्य रखती है।

## पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक

### 2024 में समझौता: राजस्थान की तरफ से डीपीआर पूरी

### व्यथा: निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं




राजस्थान और मध्यप्रदेश के लिए संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक का समझौता दिसंबर 2024 में हुआ। इसके जरिए 10.15 लाख हेक्टेयर सिंचाई तथा 2,043 एमसीएम पेयजल और औद्योगिक जल का प्रावधान प्रस्तावित है। राजस्थान वाले घटकों की डीपीआर पूरी बताई गई है, पर वास्तविक निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ। यही अंतर घोषणा और धरातल के बीच राष्ट्रीय कहानी बन गया है।

### 1972 से सुझाव, वाजपेयी भी अटल थे

### व्यथा: राज्यों के जल विवाद और पर्यावरणीय स्वीकृतियां रोकते रहे रास्ता

विचार नया नहीं है। 1972 में डॉ. केएल. राव ने गंगा-कावेरी लिंक सुझाया। 1977 में कैप्टन दस्तूर ने गारलैंड कैनाल की कल्पना दी और 1980 में केंद्र ने राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना बनाई। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 2002 में सुरेश प्रभु की अध्यक्षता में टास्क फोर्स गठित कर इसे राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला दिया। इसके बाद राज्यों के जल विवाद, लागत, पर्यावरणीय स्वीकृतियां और विस्थापन इसकी चाल रोकते रहे।

प्रयास हो तो बचे 'कल का जल'- सबसे बड़ी भूल समुद्र तक पहुंचने वाले पूरे नदी-जल को व्यर्थ मानना होगी। डेल्टा, भूजल, गाद, मत्स्यजीवन और समुद्री पारिस्थितिकी के लिए पर्यावरणीय प्रवाह आवश्यक है। समाधान केवल बांध और लंबी खुली नहरें भी नहीं हैं। फ्लोटिंग सोलर, नहरों पर सौर छत, सीमित क्षेत्रों में पाइपलाइन, खेत-तालाब और सेंसर आधारित संचालन से वाष्पीकरण तथा वितरण-हानि घटाई जा सकती है।

**अब सरकार से प्रश्न है?**

क्या देश परियोजना-दर-परियोजना प्रतीक्षा करेगा या जलवायु परिवर्तन के अनुरूप वैज्ञानिक राष्ट्रीय जल-ग्रिड बनाएगा? देश को नदियों की देह जोड़ने से पहले पानी, पारिस्थितिकी और राज्यों के विश्वास को जोड़ना होगा। अब घोषणाओं नहीं, निर्णायक कार्रवाई का समय है।

---

**बीकानेर जिले के श्रीडूंगरपुर क्षेत्र में हादसा**

# ट्रक और कार भिड़े, एक ही परिवार के छह की मौत

### 2 वर्षीय बालिका जिंदा बची, तीर्थ स्थल के दर्शन कर लौट रहे थे मृतक





**श्रीडूंगरगढ़।** बीकानेर जिले के श्रीडूंगरपुर थाना क्षेत्र में होटल नजद सिजराल के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग-11 पर सोमवार दोपहर एक कार और ट्रक में हुई भीषण भिड़ंत में कार में सवार एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई, वहीं एक दो वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई। सभी मृतक हरियाणा के फतेहाबाद जिले के मताना गांव के निवासी बताए गए हैं। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। थाना प्रभारी कश्यप सिंह ने बताया कि हादसे में ओमप्रकाश विश्नोई (60), उनकी पत्नी सोरमा देवी (45), बेटी प्रमीला, पौत्र रोनित (11) पुत्र सुरेंद्र, दोहती यशवी (10) पुत्री अमित और खुशी (6) पुत्री संदीप सुथार बिश्नोई की मौत हो गई। हादसे में दो साल की मासूम तनवी पुत्री संदीप ही जीवित बची है। उसे बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में वह वेंटिलेटर पर रखा गया है। राहत कार्य में जुटे सेवादार अमीर खान कायमखानी ने बताया कि सड़क पर मौत का मंजर देखकर कलेजा कांप उठा। कार में फंसे लोगों को मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। शुरुआत में दो बच्चे और एक महिला जीवित नजर आए थे, जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद दो साल की बच्ची तनवी को छोड़कर, महिला और एक अन्य बच्ची ने दम तोड़ दिया।

### तीर्थ स्थल के दर्शन कर लौट रहे थे

परिवार सोमवार को तीर्थ स्थल दर्शन कर गांव लौट रहा था। हादसे के समय परिवार का मुखिया ओमप्रकाश विश्नोई कार चला रहे थे। वह गत 30 मई को ही फतेहाबाद के डीडीपीओ कार्यालय से सीनियर अकाउंटेंट के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

**लूनी नदी के किनारे रपट पर हादसा**

## ईको कार-बस की टक्कर में बालिका समेत तीन की मौत

### आठ घायल, कार में सवार थे एक ही परिवार के दस सदस्य



**जसनगर-लाम्बिया।** निकट लूनी नदी के किनारे रपट पर सोमवार तड़के एक सड़क हादसे में बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा एक निजी बस और इक्को कार की टक्कर से हुआ। पुलिस ने बताया कि इको कार में एक परिवार के दस सदस्य सवार थे। सभी गांव खेडा, तहसील हिंडौन जिला करौली के निवासी थे। परिवार सोमवती अमावस्या पर पुष्कर सरोवर में स्नान करने के लिए जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जसनगर की ओर से जा रही एक बस ने ओवरटेक करने के दौरान कार को टक्कर मार दी, टक्कर के बाद कार पलट गई और उसमें सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान जितेंद्र (40) पुत्र भीम सिंह, शीला (35) पत्नी राजाराम और मन्नू (7)पुत्री योगेश के रूप में हुई है।

वहीं घायलों में हाकिम सिंह पुत्र भीमसिंह गुर्जर, मुनेश पत्नी हाकिम सिंह गुर्जर, नरसी पुत्र अर्जुनराम गुर्जर, प्रिंस पुत्र हाकिम सिंह गुर्जर, भीमसिह पुत्र हंसे गुर्जर, लोहारी देवी पत्नी भीमसिंह गुर्जर, मुनीन पुत्र कंनच गुर्जर, ड्राईवर विनोद पुत्र बगदाराम गुर्जर निवासी खेडा तहसील हिंडौन जिला करौली बताए गए हैं। घायलों को जैतारण उच्च चिकित्सा केंद्र में दाखिल कराया गया है।

# चूरू-सीकर में आंधी



## श्रीगंगानगर, कोटपूतली-बहरोड़ सहित कई जगहों पर बारिश

## जयपुर में दिनभर साफ रहा मौसम, पारा चढ़ा

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** राजस्थान में सोमवार को भी मौसम में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखाई दिया। श्रीगंगानगर में बादल छाए और 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली और दिन में अंधेरा छा गया। इस दौरान बूंदाबांदी भी हुई।

### चूरू में रेत का बवंडर

चूरू के सरदारशहर में रेत का बवंडर आया। सीकर में भी धूल का गुबार छा गया। कोटपूतली-बहरोड़ में पहले बवंडर आया और फिर बारिश हुई। अलवर में शाम को आंधी चली। मौसम के इस बदलाव से पूर्वी राजस्थान के साथ-साथ पश्चिमी जिलों में भी लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। पश्चिमी जिलों को छोड़कर राज्य के शेष सभी जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

### फलोदी सबसे गर्म


प्रदेश में अधिकतम तापमान फलोदी में 42.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।जयपुर में हालांकि दिनभर मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। तापमान में उछाल से गर्मी का असर फिर से बढ़ गया है। जयपुर में अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया।

# 'थोक' में बढ़ी महंगाई

### मई में 9.68% पर रही, तेल-गैस के दामों ने दी तेजी

### नई सीरीज के आधार पर जारी किए गए आंकड़े

**एजेंसी/नई दिल्ली।** थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर यानी थोक महंगाई मई में बढ़कर 9.68% पर पहुंच गई। अप्रैल में यह 8.26% पर रही थी। ये आंकड़े नई सीरीज के आधार पर जारी किए गए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि अब थोक महंगाई की गणना के लिए आधार वर्ष 2022-23 कर दिया गया है और उसके आधार पर पहली बार आंकड़े जारी किए गए हैं। थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस के दाम में तेज बढ़ोतरी है। इस उपवर्ग में थोक महंगाई दर 61.51% रही। खनिज तेल की मुद्रास्फीति 49.82% दर्ज की गई। वहीं, कोयला और लिगनाइट एक साल में 2.26% और बिजली 1.85% सस्ती हुई है। कुल मिलाकर ईंधन एवं ऊर्जा वर्ग की थोक महंगाई दर 30.33% रही।



**खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 3.60% रही**

विनिर्मित वस्तुओं के वर्ग की महंगाई दर 7.48% और प्राथमिक वस्तुओं के वर्ग की 4.99% रही। प्राथमिक वस्तुओं में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 3.60%, अखाद्य पदार्थों की 9.49% और खनिजों की 4.91% दर्ज की गई।

### अन्य में रही वृद्धि

विनिर्मित वस्तुओं में तंबाकू उत्पादों के दाम में सालाना 13.59%, रसायन और रासायनिक उत्पादों में 13.40%, बुनियादी धातुओं में 12.30%, बिजली के उपकरणों में 11.32%, विनिर्मित कपड़ों में 10.22% और रबड़ तथा प्लास्टिक के उत्पादों में 9.59% की वृद्धि दर्ज की गई।

---

*कॉकरोच पार्टी के प्रदर्शन के दौरान हंगामा*

# अभिजीत दीपके पर हमला



**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** नीट पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में कथित गड़बड़ियों के विरोध में जयपुर के शहीद स्मारक पर आयोजित प्रदर्शन सोमवार को उस समय विवादों में घिर गया, जब कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके को कुछ युवकों ने कथित रूप से थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद समर्थकों और आरोपित युवकों के बीच जमकर हाथापाई हुई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर चार युवकों को हिरासत में लिया। कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन के दौरान अप्रत्याशित घटनाक्रम देखने को मिला। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके जैसे ही सभा स्थल पर पहुंचे, कुछ युवकों ने उनके साथ धक्का मुक्की करते हुए कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया। इसके बाद दीपके के समर्थकों ने भी आरोपित युवकों की पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। कॉकरोच जनता पार्टी ने यह प्रदर्शन नीट पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर किया था।

**ये पांच हुए गिरफ्तार**

रोहित शर्मा, राकेश गुर्जर, अजय शर्मा, कुलदीप सिंह शेखावत और निकेत प्रभात।

# भारत और स्लोवाकिया ने द्विपक्षीय संबंधों को 'समग्र साझेदारी' का दर्जा दिया : मोदी

### रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग

**एजेंसी/नई दिल्ली/ब्रातिस्लावा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने निरंतर बदलती भू राजनीतिक स्थितियों में मध्य यूरोपीय देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए स्लोवाकिया के साथ द्विपक्षीय संबंधों को समग्र साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए एक आशय पत्र पर भी हस्ताक्षर किए। स्लोवाकिया की यात्रा पर गये मोदी ने सोमवार को यहां स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह घोषणा की।



### मुक्त व्यापार समझौते को जल्द से जल्द अमल में लाने पर जोर

प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच संबंधों को समग्र साझेदारी का दर्जा देने की घोषणा का उल्लेख करते हुए इसे ऐतिहासिक अवसर करार दिया। मोदी ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को जल्द से जल्द अमल में लाने पर बल देते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के उद्योगों और स्टार्ट अप को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया से मिले सहयोग के लिए मैं प्रधानमंत्री का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच बढ़ते हुए सहयोग पर उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि स्लोवाकिया की एक यूनिवर्सिटी में एआई के विषय पर 'भारतीय पीठ' स्थापित की जा रही है।

अजमेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर से प्रकाशित | @DailyNavajyoti | @DainikNavajyotiNews | feedback@dainiknavajyoti.com | dainiknavajyoti | Since 1936 | संस्थापक : स्व. कप्तान दुर्गाप्रसाद चौधरी

# दैनिक नवज्योति

90 YEARS विश्वसनीयता के | dainiknavajyoti.com

अजमेर, मंगलवार, 16 जून, 2026

राष्ट्रीय

नगर संस्करण प्रभात ** वर्ष 90 | अंक 164 मूल्य 4.50 (पृष्ठ संख्या 14) RNI No. - 3575 द्वितीया ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत 2083

### भगवंत मान 'खालसा पंथ विरोधी' घोषित

**एजेंसी/अमृतसर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से सम्बंधित एक विवादित वीडियो के मामले में श्री अकाल तख्त साहिब में सोमवार को पांच सिंह साहिबानों ने सिख संगत की भावनाओं का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान को औपचारिक रूप से 'गुरु-द्रोही' और 'खालसा पंथ विरोधी' घोषित किया। साथ ही गुरु खालसा पंथ से अपील की गई कि वे उनके साथ किसी प्रकार का संबंध न रखें। बैठक में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

### क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी/नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सोमवार को ओडिशा के तट पर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से ज़मीन पर हमला करने वाली लंबी दूरी की क्रूज़ मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि परीक्षण के सभी लक्ष्य पूरी तरह से हासिल कर लिए गए। यह देश में ही विकसित मिसाइल है, जिसके सभी सब-सिस्टम डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योग भागीदारों द्वारा विकसित किए गए हैं। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु इसकी नोडल प्रयोगशाला है।

### गैंगरेप की शिकार पीड़िता की मौत

**एजेंसी/चेन्नई।** तमिलनाडु में तिरुवल्लूर जिले के गुमिदिपुंडी में रविवार को सीपकोट इंडस्ट्रियल एस्टेट के पास कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म की शिकार एक साढ़े तीन साल की बच्ची की सोमवार को सरकारी अस्पताल में मौत हो गई।

**19 जून को स्विट्ज़रलैंड में होंगे हस्ताक्षर**

# अब होगी शांतिः अमेरिका और ईरान समझौते पर हुए सहमत

## होर्मुज पूरी तरह खुलेगा कोई शुल्क नहीं लगेगा

**तेल का प्रवाह फिर से शुरू होगा**





**एजेंसी/वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में युद्ध खत्म करने को लेकर अमेरिका और ईरान शांति समझौते पर सहमत हो गए हैं। दोनों देश 19 जून को स्विट्ज़रलैंड में एक आधिकारिक समारोह में इसपर हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ पर रविवार देर रात लिखा, ईरान के इस्लामी गणराज्य के साथ समझौता अब संपन्न हो चुका है। सभी को बधाई! मैं होर्मुज को बिना किसी शुल्क के पूरी तरह खोलने की अनुमति देता हूं। साथ ही, अमेरिका की नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल प्रभाव से हटाने का भी आदेश देता हूँ। दुनिया भर के जहाज अब अपनी यात्रा शुरू करें। तेल का प्रवाह फिर से शुरू होने दें। उधर, ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार हो गया है और शुक्रवार को स्विट्ज़रलैंड में इस ज्ञापन पर आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर किए जाएंगे।

### नाकेबंदी हटाने की प्रक्रिया शुरू

गरीबाबादी ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी हटाने की प्रक्रिया सोमवार रात से शुरू होगी। इस ज्ञापन में लेबनान सहित सभी मोर्चों पर आज रात से सैन्य अभियानों को तुरंत रोकने की बात भी शामिल है।

### ट्रम्प ने की खुद की तारीफ

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक अन्य पोस्ट में कहा, यह ऐतिहासिक समझौता पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा लेकर आएगा। मुझसे पहले कई राष्ट्रपतियों ने ईरान के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हो सके। पहली बार क्षेत्र के नेताओं को ऐसा राष्ट्रपति मिला है जो उन्हें वास्तविक और स्थाई शांति दिलाने में मदद कर सकता है।

### ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगाः वेंस

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि समझौता यह सुनिश्चित करता है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा। वह न तो परमाणु हथियार बनाने की कोशिश करेगा और न ही उन्हें खरीदने या हासिल करने की कोशिश करेगा। यह बात इस समझौते में शामिल है। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि इसके बदले ईरान को क्या मिलेगा।

### अमेरिका पर भरोसा नहीं, नजर रखेंगेः ईरान


इस बीच ईरान के उप विदेश मंत्री ने हालांकि यह भी कहा कि इस समझौते का मतलब दुश्मन पर भरोसा करना नहीं है। यह समझौता बिना किसी भरोसे के तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, हम अमेरिका की गतिविधियों और उसकी जिम्मेदारियों को पूरा करने पर नज़र रखेंगे।

### हमारे लिए ईरान-अमेरिका का समझौता बाध्यकारी नहींः इजरायल

इस बीच अमेरिका-ईरान के बीच हुए समझौते का यूरोप तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वागत किया जा रहा है और इसे पश्चिम एशिया में स्थिरता लाने वाला बड़ा मोड़ माना जा रहा है लेकिन इजरायल इस समझौते का विरोध कर रहा है। इजरायल के वरिष्ठ नेताओं का साफ कहना है कि ट्रम्प की मध्यस्थता में हुआ कोई भी समझौता इजरायल को अपनी सुरक्षा के खतरों के खिलाफ कार्रवाई करने से रोक नहीं सकता।

## बाजार खुश हुआ

### अमेरिका-ईरान समझौते के बाद सेंसेक्स 736 अंक चढ़ा



**एजेंसी/मुंबई।** ईरान-अमेरिका के बीच शांति समझौते की घोषणा के बाद लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स 736 अंक चढ़कर तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 1,197 अंक की तेजी में खुला और कुछ ही देर में 1,293 अंक चढ़ गया था। बाद में इसकी बढ़त कुछ कम हुई और यह 736.38 अंक ऊपर 76,264.33 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 231 अंक की मजबूती के साथ 23,853.90 अंक पर रहा।

# मैच में हाईवोल्टेज ड्रामा

## वैभव को गुस्सा आया, श्रीलंकाई खिलाड़ी को मारा धक्का



**पहले टाई फिर सुपर ओवर**

| भारत-ए | श्रीलंका-ए |
|---|---|
| 265/49.2 ओवर | 265/50 ओवर |

(इसके बाद श्रीलंका-ए ने सुपर ओवर में 16 रन बनाए। जवाब में भारत 9 रन ही बना सका।)


### सुपर ओवर में हारी भारत-ए टीम

दांबुला में सोमवार को श्रीलंका-ए ने ट्राई सीरीज के मुकाबले में भारत-ए को सुपर ओवर में हरा दिया। मैच के दौरान हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने एक श्रीलंकाई खिलाड़ी को बहस के बाद धक्का दे दिया। श्रीलंकाई विकेटकीपर डिकवेला ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया।

### यूं चला ड्रामा

1. जब मैच टाई हुआ तब यह स्पष्ट नहीं था कि सुपर ओवर होगा या नहीं। अंपायर कह रहे थे रोशनी कम है आगे मुकाबला संभव नहीं होगा। इसके बाद भारतीय कप्तान तिलक वर्मा की अंपायर से बहस हुई। फिर सुपर ओवर कराने का फैसला किया गया।
2. इसके बाद अगला विवाद सुपर ओवर में श्रीलंका की पारी की आखिरी गेंद पर हुआ। अरशद खान की फुलटॉस गेंद पर श्रीलंकाई बल्लेबाज कैच आउट हुए। अंपायर ने बल्लेबाज को आउट करार दे दिया और भारतीय फील्डर्स ग्राउंड से बाहर चले गए। रिप्ले में यह गेंद नो बॉल थी। इसके बाद भारतीय फील्डर्स को दोबारा बुलाया गया और आखिरी गेंद फिर कराई गई।
3. सुपर ओवर के बाद भारत के मैच हारने के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने वैभव को कुछ कहा। इससे वैभव भड़क गए और उनकी श्रीलंकाई खिलाड़ी के साथ धक्का-मुक्की हो गई।

### आस्था की डुबकी



पुष्कर। तीर्थनगरी पुष्कर में अधिकमास की अमावस्या पर सोमवार के संयोग से सोमवती अमावस्या का पर्व मनाया गया। सोमवार को देशभर से ढाई लाख से अधिक श्रद्धालु पुष्कर पहुंचे और पवित्र ब्रह्म सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह ब्रह्म मुहूर्त 5 बजे से ही सरोवर के 52 घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ना शुरू हुआ जो शाम तक लगातार जारी रहा। श्रद्धालु महिलाएं मंगल गीत गाते हुए सरोवर स्नान के लिए पहुंचीं और स्नान के बाद सरोवर की परिक्रमा कर जगतपिता भगवान ब्रह्माजी समेत देवालयों के दर्शन किए। इसके साथ अधिक मास व पंचतीर्थ स्नान का समापन हो गया। -नितिन पाराशर

# 'नीट' से जुड़ी संदिग्ध गतिविधियों की सीधे कीजिए रिपोर्ट

## एनटीए ने शुरू किया डेडिकेटेड प्लेटफॉर्म, परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उठाया कदम, 21 जून को होनी है परीक्षा

**कासं/अजमेर।** एनटीए ने 21 जून को होने वाले री-नीट एक्जाम की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक डेडिकेटेड प्लेटफॉर्म शुरू किया है। इसके माध्यम से अभ्यर्थी, अभिभावक, कोचिंग संस्थान और हितधारक परीक्षा से जुड़े संदिग्ध दावों, अनाधिकृत कंटेंट या धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की रिपोर्ट innovateindia.mygov.in/neet-ug-2026 पोर्टल पर कर सकेंगे। इसके अलावा यह रिपोर्ट या जानकारी एनटीए या नीट की अधिकृत वेबसाइट पर भी साझा की जा सकती है। एनटीए के परीक्षा निदेशक द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, यह पहल 21 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा की सुरक्षा और विश्वसनीयता को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। एजेंसी ने स्पष्ट किया है इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी तक पहुंच होने के किसी भी दावे की जानकारी तुरंत साझा की जा सकती है।

**अफवाहों से सावधान रहने की अपील :** एनटीए ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा आयोजित होने से पहले किसी भी व्यक्ति, संस्थान या प्लेटफॉर्म के पास नीट यूजी 2026 के प्रश्न पत्र नहीं होते हैं। इसके विपरीत कोई भी दावा झूठा और गुमराह करने वाला है। इसीलिए अभ्यर्थियों और अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि सोशल मीडिया या मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर फैल रही बिना पुष्टि वाली जानकारी पर ध्यान न दें, उसे आगे न बढ़ाएं और न ही उस पर कोई कार्रवाई करें।

**फर्जी गतिविधियों पर लगातार नजर :** एनटीए ने कहा है कि प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट चैक इकाई और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं फर्जी गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### इन मामलों की कर सकेंगे शिकायत

- ऐसी अनाधिकृत वेबसाइटें, सोशल मीडिया अकाउंट या मैसेजिंग चैनल जो परीक्षा के प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी तक पहुंच का दावा करते हैं।
- ऐसे व्यक्ति या समूह जो पैसे या किसी अन्य चीज के बदले परीक्षा का कंटेंट, लीक हुए पेपर या पक्के नतीजों का दावा करते हैं।
- ऐसे लोग जो एनटीए अधिकारियों, परीक्षा से जुड़े कर्मचारियों या सरकारी प्रतिनिधियों के रूप में खुद को पेशा करते हैं और कोई भी अन्य गतिविधि या कंटेंट जिसका मकसद उम्मीदवारों और उनके परिवारों को गुमराह करना, धोखा देना या उनमें घबराहट पैदा करना हो।
- यूजर घटना की प्रकृति, उस प्लेटफॉर्म या चैनल का विवरण जहां इसे देखा गया, घटना की तारीख और समय जैसी जानकारी दे सकते हैं और जहां भी उपलब्ध हो, स्क्रीनशॉट, लिंक या दस्तावेज जैसे सबूत भी अपलोड कर सकते हैं।

### पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा के लिए प्रदेश में पुख्ता तैयारियां

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** नीट (यूजी)-2026 री-एग्जामिनेशन का पारदर्शी एवं सुरक्षित आयोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में देश के सभी राज्यों के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

**ये निर्देश हुए जारीः** बैठक में परीक्षा सामग्री की सुरक्षा, परिवहन, कानून-व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। राजस्थान में परीक्षा के सुचारू एवं पारदर्शी आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास के स्तर पर लगातार समीक्षा की जा रही है और पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। मुख्य सचिव ने बताया कि परीक्षा में प्रदेश के लगभग 2.09 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिनके लिए 27 शहरों में परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा के सुरक्षित संचालन के लिए राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर समन्वय समितियों का गठन किया गया है।





हमसे जुड़ने के लिए QR Code स्कैन करें

दैनिक नवज्योति
आपके लिए, आपके साथ
dainiknavajyoti.com
अजमेर, मंगलवार, 16 जून, 2026
90 YEARS विश्वसनीयता के dainiknavajyoti.com

## हादसों से कब लेंगे सबक

असम के जोरहाट एयर बेस पर शनिवार को भारतीय वायुसेना का एएन-32 परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब विमान नियमित उड़ान के बाद लैंडिंग प्रक्रिया में था। दुर्घटना में पांच वायुयोद्धा शहीद हो गए। इसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है। दुर्घटना में एक सह-पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका उपचार किया जा रहा है। दुर्घटना के बाद वायुसेना की ओर से कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं। ताकि दुर्घटना के असली कारणों पता लगाया जा सके। बहरहाल इस दुर्घटना ने देश में विमान परिचालन क्षमता, सुरक्षा और विमानन ढांचे से जुड़े कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एएन-32 भारतीय वायुसेना का एक प्रमुख परिवहन विमान है। इसका उपयोग सैनिकों, रसद सामग्री और उपकरणों को दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचाने में किया जाता रहा है। विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत, लद्दाख और हिमालयी क्षेत्रों में इसकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही है। अरुणाचल प्रदेश और चीन सीमा के निकट स्थित अग्रिम चौकियों तक आपूर्ति पहुंचाने में जोरहाट एयर बेस की महत्वपूर्ण भूमिका है। दुर्घटना का प्रभाव केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ जाता है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार लैंडिंग के समय विमान का नियंत्रण बिगड़ गया। वह हवाई पट्टी से फिसलकर दो हिस्सों में टूट गया और उसमें आग लग गई। दुर्घटनाग्रस्त विमान लंबे समय से सेवा में था। यद्यपि समय-समय पर इसे अपग्रेड किया गया था। फिर भी पुराने विमानों में यांत्रिक खराबियों की संभावनाएं बनी रहती हैं। ऐसे में विमान पायलटों को अत्यधिक प्रशिक्षित किया जाता है, फिर भी जटिल परिस्थितियों में मानवीय भूल की संभावनाओं को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता है। पूर्वोत्तर में मौसम तेजी से बदलता है। घने बादल, कम दृश्यता और भारी बारिश जैसी परिस्थितियां उड़ान संचालन को चुनौतीपूर्ण बनाती है। पुराने विमानों के लिए उच्च स्तरीय रखरखाव की आवश्यकता होती है। यदि किसी स्तर पर रखरखाव में कमी रह जाती है, तो दुर्घटना का जोखिम बढ़ सकता है। वर्तमान में देश में विमान सेवाओं के साथ भारतीय वायुसेना भी आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है। लड़ाकू विमानों के साथ-साथ परिवहन बेड़े को भी आधुनिक बनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। पिछले साल अहमदाबाद में एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसमें 260 लोगों की मौत हुई थी। आश्चर्य इस बात का है कि इस हादसे की जांच अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। ना ही हादसों के कारणों का कोई पुख्ता सुराग लगाया जा सका। पिछले एक दशक में एएन-32 के दुर्घटनाग्रस्त होने की यह तीसरी घटना है। पिछली दो दुर्घटनाओं को मिलाकर अब तक करीब तीन दर्जन से अधिक वायुसैनिक शहीद हो चुके हैं। प्रत्येक दुर्घटना के कारण अलग हो सकते हैं। लेकिन लगातार होने वाली ऐसी घटनाओं के बाद सुरक्षा मानकों की व्यापक समीक्षा करने और उनसे सबक लेने की जरूरत है। ऐसे में पुराने परिवहन विमानों को बदलने, उड़ान सुरक्षा ऑडिट मजबूत करने, तकनीकी रखरखाव, निरीक्षण प्रणाली और आपातकालीन परिस्थितियों में पायलटों को प्रशिक्षित करने और जांच रिपोर्टों की सिफारिशों को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाना जरूरी है।

हरिप्रसाद का चयन महत्वपूर्ण माना जा रहा है

## कर्नाटक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर हरिप्रसाद

दक्षिण डायरी



हरिप्रसाद का चयन महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि वे राज्य और केंद्र, दोनों स्तरों की राजनीति का व्यापक अनुभव रखते हैं। उनके पास अनुभव है और वे संतुलन बनाने में सक्षम माने जाते हैं।



लोकपाल सेठी

कर्नाटक में डी.के. शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के रिक्त होने की संभावना लंबे समय से जताई जा रही थी। इसी कारण इस महत्वपूर्ण पद को लेकर राज्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बीच अंदरूनी खींचतान शुरू हो गई थी। कई नेता अपने-अपने दावे पेश कर रहे थे और राजनीतिक गलियारों में संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा तेज हो गई थी। शुरुआती दौर में इस पद के लिए दो प्रमुख नाम सामने आए थे सतीश जारकीहोली और के.एच. मुनियप्पा। दोनों ही नेता राज्य की राजनीति में प्रभावशाली माने जाते हैं और पिछड़ा वर्ग समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### समीकरणों का ध्यान

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्पष्ट किया था कि नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन में सभी पक्षों और सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखा जाएगा। इसी दौरान सतीश जारकीहोली और के.एच. मुनियप्पा के नाम सबसे अधिक चर्चा में रहे। दोनों नेताओं का लंबा राजनीतिक अनुभव और अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत जनाधार है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना था कि इनमें से किसी एक को अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना अधिक है। हालांकि, राज्य की राजनीति में एक और महत्वपूर्ण पहलू था। मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया दोनों ही यह चाहते थे कि प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व ऐसे व्यक्ति के हाथों में रहे जो उनके साथ तालमेल बनाकर काम कर सके और संगठन में सत्ता का समानांतर केंद्र न बन जाए।

### संगठनात्मक मामलों की समझ

कांग्रेस की राज्य इकाई में इन दोनों नेताओं का प्रभाव काफी व्यापक है और किसी भी महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय में उनकी राय को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यद्यपि अंतिम निर्णय कांग्रेस हाईकमान को ही लेना था, फिर भी कुछ नेताओं ने सुझाव दिया था कि प्रदेश अध्यक्ष के चयन के लिए वरिष्ठ नेताओं की एक समिति बनाई जाए। यह समिति संभावित उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार कर पार्टी नेतृत्व को भेजे और फिर हाईकमान उस पैनल में से किसी एक नाम पर अंतिम मुहर लगाए। घटनाक्रम ने अचानक नया मोड़ ले लिया। कांग्रेस हाईकमान ने सभी अटकलों को समाप्त करते हुए बी.के. हरिप्रसाद के नाम की घोषणा कर दी। हरिप्रसाद भी पिछड़ा वर्ग समुदाय से आते हैं और लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय रहे हैं। वे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं तथा संगठनात्मक मामलों की गहरी समझ रखते हैं।

### राजनीति का व्यापक अनुभव

हरिप्रसाद का चयन इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि वे राज्य और केंद्र, दोनों स्तरों की राजनीति का व्यापक अनुभव रखते हैं। उनके पास संगठन चलाने का अनुभव है और वे पार्टी के विभिन्न गुटों के बीच संतुलन बनाने में सक्षम माने जाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद सिद्धारमैया ने कहा था कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व चाहता है कि वे राष्ट्रीय राजनीति में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं और दिल्ली में संगठनात्मक कार्य संभालें। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि फिलहाल वे कर्नाटक की राजनीति में ही सक्रिय रहना पसंद करेंगे।

### मजबूत दावेदारों में शामिल

2023 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत के पीछे भी उनकी भूमिका को काफी महत्वपूर्ण माना गया। उस समय वे मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदारों में शामिल थे। हालांकि कांग्रेस नेतृत्व ने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया और शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री पद दिया गया। इसके साथ ही उन्हें उनकी पसंद के विभाग भी सौंपे गए। उस समय यह भी माना गया था कि वे 2024 के लोकसभा चुनाव तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बने रहेंगे। लेकिन राजनीतिक परिस्थितियां लगातार बदलती रहीं और उन पर अध्यक्ष पद छोड़ने का कोई विशेष दबाव नहीं बनाया गया। इस कारण वे संगठन और सरकार दोनों में समान रूप से प्रभावशाली बने रहे।

### भारत जोड़ो यात्रा के दौरान

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी शिवकुमार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही थी। राहुल गांधी की इस यात्रा का कर्नाटक चरण विशेष रूप से सफल माना गया और इसके पीछे शिवकुमार की रणनीतिक क्षमता और संगठनात्मक कौशल को प्रमुख कारण बताया गया। जहां तक सतीश जारकीहोली का सवाल है, वे कर्नाटक के मराठी भाषी बहुल बेलगावी जिले से आते हैं। उनका परिवार लंबे समय से राजनीति में सक्रिय है। उनके चार अन्य भाई भी विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े रहे हैं और अलग-अलग समय में विधानसभा सदस्य रह चुके हैं।

### हरिप्रसाद की नियुक्ति

शिवकुमार न केवल संगठन के भीतर मजबूत पकड़ रखते हैं, बल्कि वे कांग्रेस के सबसे संसाधन-संपन्न नेताओं में भी गिने जाते हैं। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उनकी संपत्तियों का मूल्य हजारों करोड़ रुपये बताया जाता है। यही कारण है कि पार्टी के भीतर उनकी राजनीतिक और संगठनात्मक उपयोगिता लगातार बढ़ती रही है। कुल मिलाकर बी.के. हरिप्रसाद की नियुक्ति कांग्रेस नेतृत्व के उस प्रयास का हिस्सा दिखाई देती है, जिसके माध्यम से वह कर्नाटक में विभिन्न गुटों के बीच संतुलन बनाना चाहता है। हरिप्रसाद के अनुभव, संगठनात्मक समझ और अपेक्षाकृत सर्वस्वीकार्य छवि को देखते हुए पार्टी को उम्मीद है कि वे आगामी वर्षों में संगठन को मजबूत करेंगे।

**यह लेखक के अपने विचार हैं।**

जल तरंग

## तेल खाइए कम

क्रिकेट और राजनीति में टाईमिंग का बहुत महत्व है। कवर ए एक्स्ट्रा कवर, लॉग ऑन, लॉग ऑफ पर जहां बैटसमैन बढ़िया शॉर्ट लगाकर मैच खेलता है। निरूसंदेह वो टीम जीत जाती है। वहीं कवर, एक्स्ट्रा कवर, गली पर क्षेत्ररक्षण, या कैच लपकर बैटसमैन को पेवेलियन का रास्ता भी दिखाया जा सकता है। क्रिकेट जहां कौशल तकनीक और स्फूर्ति का खेल है। वहीं राजनीति वाकपटुता का। राजनीति के दिग्गज लोग गेंद को जनता के पाले में डालने में माहिर होते हैं। इनके मास्टर स्ट्रोक से भला कोई बच सका है। साधारण भाषा में कहें तो चित भी उनकी और पट भी उनकी। कुछ कुछ ऐसा ही हाल है। पहले यही नेताजी बेरोजगारी पर बोले की देश में बेरोजगारी कहां है। तेल संकट आने पर ये लोगों से कम से कम तेल में खाना बनाने की सलाह दे रहें हैं। भाई सीधे सीधे क्यों नहीं कहते कि खाना उबालकर खाओ। लेकिन उबालकर खाने के लिए भी गैस या तेल की जरूरत पड़ेगी। और पहले से ज्यादा पड़ेगी। इससे स्वास्थ्य और पर्यावरण को कम तेल और कम ईंधन के इस्तेमाल से हम कैसे लोगों का स्वास्थ्य और लोगों को प्रदूषण से बचा सकते हैं। पर्यावरण की चिंता वैसे लोगों को हो रही है। जिन्होंने बहुतायत में पेड़ काटे हैं। मेट्रो की लाईन बिछाने के लिए जंगलों का सफाया किया है। तेल का कम इस्तेमाल वही लोग करने को कह रहें हैं। जो कभी युवाओं को पकौड़े तलकर बेचने की सलाह दे रहे थे। अब दोनों चीजें साथ साथ तो नहीं चल सकती। पर्यावरण भी बचाएं, तेल भी। और बेरोजगारी खत्म करने के लिए पकौड़े भी बेचें। खाधान्न की आज कमी हो जाए तो लोग भूखों रहने के फायदे गिनाने लगेंगे। चीनी का अगर देश में संकट हो जाए। तो लोग मधुमेह की चर्चा करने लगेंगें। फिर बिना चीनी के चाय कैसे बनाई जाए। इस पर लोग कार्यशालाएं आयोजित करने लगेंगे। फीकी चाय स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए अच्छी होती ये समझाया जाने लगेगा। स्लोगन देखिए, कम तेल की थाली। स्वस्थ देश और खुशहाली। कम ईंधन के खपत से बने पौष्टिक आहार। भोजन प्रदर्शिनी में आपको आग में पके हुए शकरंकद, आग में ही भूने हुए आलू। कटे हुए खीरे, गाजर की सलाद, मूली की चटनी, पके हुए बेर, उबले हुए चावल, रात में भिंगोयी हुई दाल। इसके फायदे स्वरूप आपको गिनाया जाएगा। इनके सेवन से बीपी और कोलेस्ट्रोल की आजीवण समस्या नहीं रहती है।

**महेश कुमार केशरी**
**यह लेखक के अपने विचार हैं।**

आज का विचार



खेत, दुकान या मकान सड़क पर हों, तो उसकी बहुत कीमत होती है पर इंसान सड़क पर हो तो उसकी कोई कीमत नहीं होती। उठो, लगो, लक्ष्य हासिल करो।

**श्री चन्द्रप्रभ जी।**

जीवन बोध

## धीरज रखें



चिंतित न हों, धीरज रखें, आज जो गलत मिल रहा है, तो यह हमारे किसी कल का परिणाम है। विश्वास रखें, निश्चित रहें, प्रकृति के कायदे कानून नहीं बदलते। वह हमें उसका अच्छा परिणाम जरूर लौटाएगी, जो हम आज अच्छा कर रहे हैं। हमारा हर कृत्य आने वाले कल की सौगात है। प्रकृति हमें वही सौगात और उपहार लौटाती है, जैसा जिस भाव से हमने उसे समर्पित किया है। सौहार्द और प्रेम के बदले में आत्मीयता और समर्पण ही लौटकर आते हैं, इसलिए हमारी ओर से किसी पर की जाने वाली दया और करुणा, वास्तव में अपने आप पर की जाने वाली दया और करुणा है। किसी अन्य को हानि या क्षति पहुंचाना, स्वयं के लिए ही आत्मघातक है। जीव दया आत्मदया है और जीव का वध, आत्मवध। बड़ी विचित्र बात है कि गणित में एक और एक दो होते हैं, पर गालियों का गणित शास्त्र एक और एक को मिलाकर कई गुना कर देता है। गालियों के मामले में जोड़ें कम होती है, गुणनफल ही ज्यादा होते हैं। यह आप भलीभांति जानते हैं कि बातें जब आगे बढ़ती हैं तो वे बातों तक ही सीमित नहीं रहती हैं। जीवन के प्रति सजग न रहने के कारण ही अथवा अपने कृत्य के परिणामों का पूर्वबोध न होने की वजह से ही व्यक्ति गलती करता है। वह न केवल गलती करता है, वरन् उसी गलती को दोहराता रहता है, व्यक्ति हर कार्य को करने से पहले या हर वाक्य को बोलने से पहले किंचित् यह बोध या सजगता धारण कर ले कि मैं जो कर या कह रहा हूं, वह किसी रूप में अमंगलकारी या किसी के लिए अनिष्टकारी तो नहीं है।

**श्री चंद्रप्रभ जी।**

विश्व वृत्त

## ईरान के साथ हुए शांति समझौते को आत्मसमर्पण जैसा बताया



**ईरान** के साथ हुए शांति समझौते पर कुछ अमेरिकी सांसदों ने स्वागत किया। वहीं, डेमोक्रेट सांसद ने इसे ईरान के सामने आत्मसमर्पण जैसा बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता युद्ध से पहले की स्थिति में लौटने जैसा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर ईरान संग पीस डील होने का एलान किया है। ईरान ने भी एमओयू को अंतिम रूप दिए जाने पर बयान जारी किया। दुनिया ने राहत की सांस ली है। इस बीच अमेरिकी सांसद स्वागत तो कर रहे हैं, लेकिन तंज भी कस रहे हैं। सांसद क्रिस मर्फी ने इसे 'आत्मसमर्पण' करार दिया है। डेमोक्रेट्स ईरान के साथ हुए समझौते का स्वागत तो कर रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि यह युद्ध अनावश्यक था और यह समझौता केवल स्थिति को वहीं वापस ले जाता है, जहां से शुरुआत हुई थी। डेमोक्रेट सांसद क्रिस मर्फी ने एक्स पर एक पोस्ट लिखा। जिसमें दो अहम बातें कहीं। उन्होंने कहा, 'अगर ईरान के साथ कोई अंतिम समझौता होता है, तो वह तेहरान के सामने सरेंडर जैसा लगेगा। हालांकि, ऐसे समझौते का स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि युद्ध जारी रहने से अमेरिका और कमजोर होगा।' मर्फी ने कहा कि मौजूदा हालात में लंबी जंग अमेरिका के हितों को ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी। इसलिए अगर समझौते के जरिए संघर्ष खत्म होता है, तो यह विकल्प युद्ध जारी रखने से बेहतर होगा। मर्फी ने यह भी कहा कि ईरान की ओर से एकमात्र रियायत स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने की थी। जबकि यह जलडमरूमध्य संघर्ष से पहले भी खुला हुआ था। उन्होंने तर्क दिया कि ईरान पहले से ही जेसीपीओए के तहत परमाणु हथियार विकसित न करने के लिए प्रतिबद्ध था, जो एक ऐसा समझौता था जिसे बाद में ट्रंप ने छोड़ दिया था। दरअसल, ट्रंप ने अपनी पोस्ट में होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की बात कही थी। उन्होंने लिखा, दुनिया के जहाजों, अपने इंजन चालू कर लो। तेल को बहने दो। वहीं, डेलावेयर के सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि यह समझौता स्थिति को 'सही दिशा' में ले जाता है, लेकिन अभी भी कई सवाल बाकी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि समझौते की अलग-अलग व्याख्या जोखिम पैदा कर सकती हैं। कून्स ने एक्स पर कहा, 'यह तथ्य कि हमने अभी तक समझौते का कोई लिखित पाठ नहीं देखा है। वहीं, ट्रंप और ईरानी नेता एक बार फिर इस बात पर अलग-अलग दावे कर रहे हैं कि क्या सहमति बनी है। इस बात को रेखांकित करता है कि हमें यह समझौता तुरंत देखना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'युद्धविराम और वार्ता एक सकारात्मक विकास हैं, लेकिन अब तक इस पसंद के युद्ध ने केवल अमेरिकी सैनिकों और नागरिकों को असुरक्षित किया है। इसके साथ कई महत्वपूर्ण सवालों को अनुत्तरित या अनसुलझा छोड़ दिया है।

## यमन के स्पाइडरमैन की जिंदगी का दर्दनाक अंत

**यमन** के मशहूर एडवेंचर क्रिएटर और 'यमन के स्पाइडरमैन' कहलाने वाले अंतर अल अब्सी की ज्वालामुखीय क्रेटर में गिरने से मौत हो गई। वह बिना सुरक्षा उपकरणों के खड़ी चट्टान पर चढ़ाई कर रहे थे, तभी उनका संतुलन बिगड़ गया। करीब 120 मीटर गहरे क्रेटर में गिरने के बाद चार घंटे के बचाव अभियान में उनका शव बरामद किया गया। सोशल मीडिया स्टार, 30 वर्षीय अंतर अल अब्सी दक्षिणी यमन के अल धाले प्रांत स्थित हराधत दमत ज्वालामुखीय क्रेटर की खड़ी चट्टानों पर चढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे क्रेटर में गिर गए। इस हादसे का वीडियो भी सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर लोगों को झकझोर दिया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, अंतर अल अब्सी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ज्वालामुखीय क्रेटर की लगभग सीधी चट्टान पर चढ़ रहे थे। वीडियो में वह चट्टान से लटके हुए दिखाई देते हैं, लेकिन कुछ ही क्षण बाद उनकी पकड़ छूट जाती है और वह नीचे गिर जाते हैं। बताया गया है कि यह क्रेटर करीब 120 मीटर गहरा है। हादसे के बाद तुरंत बचाव दल को मौके पर भेजा गया। यमन के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने विशेष बचाव दल, गोताखोरों और जल-रिकवरी टीमों को घटनास्थल पर तैनात किया। हालांकि दुर्गम और पथरीले इलाके के कारण राहत कार्य आसान नहीं था। करीब चार घंटे तक चले अभियान के बाद गोताखोरों ने क्रेटर के भीतर मौजूद पानी से अंतर अल अब्सी का शव बरामद किया। अधिकारियों के अनुसार, शव पानी की सतह से लगभग 30 मीटर नीचे मिला। अंतर अल अब्सी यमन के सबसे चर्चित एडवेंचर कंटेंट क्रिएटर्स में शामिल थे। वह ऊंचे पहाड़ों, खड़ी चट्टानों और ज्वालामुखीय इलाकों में जाकर जोखिम भरे स्टंट करते थे। उनके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिनमें वह बिना रस्सी और सुरक्षा उपकरणों के खतरनाक ऊंचाइयों पर चढ़ते नजर आते थे। उनकी इसी शैली के कारण लोगों ने उन्हें 'यमन का स्पाइडरमैन' नाम दिया था। इस घटना के बाद अधिकारियों ने एडवेंचर प्रेमियों और सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकप्रियता हासिल करने की होड़ में सुरक्षा उपायों को नजरअंदाज करना जानलेवा साबित हो सकता है।

अपनों से अपनी सी बात

## राग-बुद्धि बनाम कर्तव्य बुद्धि

**राग** बुद्धि फंसाती है और मोह जगाती है। अब यह राग बुद्धि क्या है? राग यानी मोह, 'अटेचमेंट', आसक्त ि, लगाव। जिन भी वस्तुओं, व्यक्तियों, पदार्थों के प्रति आपका मोह होगा तो उनके प्रति आसक्ति जागेगी। फलस्वरूप राग बुद्धि का जन्म होगा। राग जो है वो मोह के गर्भ में पलता है। व्यक्ति उन्हीं वस्तुओं, व्यक्तियों, व स्तुओं के इर्द-गिर्द गोल गोल घूमेगा, जिनके प्रति मोह होगा, उन्हीं के लिए मर -खप जाएगा। आप मे उनके प्रति एक आसक्ति पैदा हो जाएगी, उनके बगैर आप रह नहीं पाएंगे। किसी का अपनी कार के प्रति इतना मोह होता है कि खुद को चमकाएं न चमकाएं, अपनी कार को घण्टों चमकाएंगे। कार पर जरा सी चोट लगी, ख़रोंच आ गयी तो मानो उसके दिल पर ही ख़रोंच आ गई, जैसे उसके दिल पर ही हथौड़ा चल गया। किसी का अपने कुत्ते के प्रति बड़ा मोह होता है। बूढ़े मां-बाप की सेवा नहीं करेंगे लेकिन कुत्ते की सेवा पूरे प्राण -पन से करेंगे। उसको गोद में, गाड़ी में लिए लिए घूमेंगे। बीमार हो गया तो डॉक्टर के चक्कर लगाएंगे। और मान लो अगर वो सिधार गया तो फूट फूट कर रोएंगे। सामाजिक मीडिया पर उसकी फोटो प्रेषित करेंगे, फिर देखेंगे कितने लोगों ने सहानुभूति जतायी। आदमी खुद ही अपने बने जाले में फंस जाता है। फिर चुन्नू-मुन्नू आ गए तो आठ पैर वाला हो गया। मतलब मकड़ी हो गया, अपने बुने जाले में खुद ही फंस गया और एक दिन काम तमाम। तो क्या करें ? कर्तव्य बुद्धि से काम करें, अपनी ड्यूटी अच्छे से निभाएं -परिवार, समाज, देश, धर् म के प्रति। अपनी ड्यूटी पूरी करे और 'फ्री' हो जाए। फिर वो जाने उनका काम। अब वे स्वयं जिम्मेदार है अपने भोग-भाग्य के प्रति। उनकी चिन्ता न करें। हां अपनी तरफ से कोई कसर न छोड़ें। पर फंसे नहीं, अटके नहीं, मोह नहीं पालें। मोह ही बन्धन का कारण है, फंसाता है, रुलाता है।

**ललित अकिंचन**

## संबंधों में मजबूती और संतुलन लाने का प्रयास



महेश चंद्र शर्मा

**कुछ** दिन पहले म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग इंग पांच दिवसीय भारत दौरे पर आए। उनका यह दौरा ऐसे वक्त पर हुआ जब दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में भू-राजनीति में तेजी से बदलाव आ रहा है। म्यांमार खुद गृहयुद्ध जैसी स्थिति से गुजर रहा है। राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुनना, इस दौरे की अहमियत समझा जा सकता है। म्यांमार के राष्ट्रपति की भारत यात्रा कई स्तरों पर महत्वपूर्ण रही। भारत के लिए यह चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने, उत्तर-पूर्वी सीमा की सुरक्षा मजबूत करने, दुर्लभ खनिजों तक पहुंच बनाने और एक्ट ईस्ट नीति को गति देने का अवसर थी। वहीं म्यांमार के लिए यह क्षेत्रीय वैधता हासिल करने, निवेश आकर्शित करने, और अंतरराष्ट्रीय अलगाव को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

### आर्थिक और व्यापारिक सहयोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मिन आंग के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रुपया-क्यात सेटलमेंट मैकेनिज्म बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों देशों के बीच व्यापार वर्ष 2025-26 में दो अरब डॉलर रहा। इसे बढ़ाने के साथ दुर्लभ खनिजों, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। शिक्षा के क्षेत्र में भारत ने वर्ष 2026 से म्यांमार के छात्रों के लिए मेकांग-गंगा आईसीसीआर स्कॉलरषिप की संख्या सालाना 36 से बढ़ाकर 100 करने पर सहमति जताई। जहां तक सवाल है, दुर्लभ खनिजों को लेकर इन दिनों भारत की रुचि बढ़ी है। आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरणों और हरित ऊर्जा तकनीकों के लिए इन खनिजों का महत्व अत्यधिक है। इस ओर भारत अब चीन की निर्भरता को कम करने के लिए म्यांमार को वैकल्पिक स्त्रोत के रूप में देख रहा है। मुंबई में व्यापारिक समुदाय के साथ राष्ट्रपति की बैठक आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने के प्रयास के रूप में मानी जा रही है।

### पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा

दोनों देश लगभग सोलह सौ किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। भारत के उत्तरपूर्व राज्यों को म्यांमार दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ता है। इसलिए वहां राजनीतिक स्थिरता और सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक लंबे अर्से से यह देश गृहयुद्ध जैसी स्थिति से गुजर रहा है और विभिन्न विद्रोही संगठन सेना के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में भारत ने अलगाव की बजाय संवाद की नीति को प्राथमिकता दी। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड में सक्रिय कई उग्रवादी संगठनों की गतिविधियां म्यांमार सीमा से जुड़ी रही हैं। पिछले वर्षों में दोनों देशों ने सीमा प्रबंधन, खुफिया सहयोग और आतंकवाद विरोधी अभियानों में सहयोग बढ़ाया है। वार्ता में सीमा सुरक्षा, विद्रोही गतिविधियों पर नियंत्रण, मानव तस्करी और साइबर अपराध जैसे विषय प्रमुख रहे। इस क्रम में म्यांमार के राष्ट्रपति की ओर से यह दोहराना कि उनके देश की जमीन को भारत के हितों के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा। इस यात्रा का सबसे बड़ा रणनीतिक पक्ष चीन से जुड़ा है। पिछले कुछ अर्से से चीन ने म्यांमार में अपने आर्थिक और सामरिक प्रभाव को बढ़ाया है। बंदरगाहों, सड़क परियोजनाओं और खनिज संसाधनों में चीन की मौजूदगी रही है।

### बौद्ध कूटनीति का संदेश

राष्ट्रपति मिन आंग इंग ने अपनी यात्रा की शुरुआत बोधगया से की। जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। यह केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं था बल्कि सांस्कृतिक कूटनीति का महत्वपूर्ण संदेष भी था। म्यांमार दुनिया के प्रमुख बौद्ध देशों में से एक है। भारत बौद्ध धर्म की जन्मस्थली है। उनकी बोधगया की यात्रा ने दोनों देशों के बीच हजारों वर्ष पुराने सांस्कृतिक संबंधों को पुनः रेखांकित किया। वर्ष 2021 में तख्ता पलट से पहले म्यांमार की अर्थव्यवस्था जिस स्तर पर थी, अभी वह उससे काफी नीचे है, वहां महंगाई ज्यादा है, विकास दर कमजोर है और लगभग आधी आबादी गरीबी में जी रही है। पिछले पांच सालों में जहां कई देशों ने म्यांमार के सैन्य शासन जुंटा के साथ अपने संबंध सीमित कर लिए थे, वहीं चीन ने उन्हें राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य समर्थन देना जारी रखा। मिन आंग हलइंग की यात्रा के दौरान किसी बड़े समझौते, नए बड़े वादे या अहम एमओयू का नहीं होना यह दिखाता है कि भारत, म्यांमार से जुड़ने के लिए तो तैयार है, लेकिन उसके अंदरूनी संघर्ष और राजनीतिक अनिश्चितता, बड़े पैमाने पर सहयोग को बढ़ाने से हिचकिचाहट पैदा करती है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी का यह कहना कि भारत की नीति का मकसद म्यांमार की आंतरिक राजनीतिक व्यवस्था पर कोई टिप्पणी किए बगैर आगे बढ़ना अच्छा तरीका है।

### भारतीय रणनीतिक निवेश

म्यांमार में भारत के रणनीतिक निवेष के तहत कुछ परियोजनाएं हैं। जैसे कलादान मल्टी मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट और भारत-म्यांमार-थाईलैं ड त्रिपक्षीय हाइवे। वार्ता दौरान यह दोनों कनेक्टिव कॉरिडोर एजेंडा में छाए रहे। कलादान प्रोजेक्ट कोलकाता को समुद्र के रास्ते सितवे से जोड़ता है। फिर कलादान नदी के रास्ते अंदरूनी इलाके में पालेटवा तक जाता है। अंत में सड़क मार्ग से मिजोरम के जोरिनपुई से जुड़ता है। समुद्र और नदी वाले हिस्से चालू हो चुके हैं। मई 2023 में पहली कार्गो खेप सितवे पहुंची थी। लेकिन चिन राज्य के पहाड़ी और बाढ़ प्रभावित इलाकों से गुजरने वाली 109 किलोमीटर लंबी अहम पालेटवा-जोरिनपुई सड़क अभी भी अधूरी है। इसे पूरी तरह चालू करने का लक्ष्य अब वर्ष 2027 रखा गया है। कुल मिलाकर यह यात्रा दर्शाती है कि भारत की विदेश नीति आदर्शवाद की अपेक्षा यथार्थवाद पर आधारित है। नई दिल्ली लोकतंत्र और मानवाधिकारों के मुद्दों को महत्व देती है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और रणनीतिक हितों को भी समान प्राथमिकता देती है। इसी संतुलन का प्रतिबिंब मिन आंग इंग की भारत यात्रा में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

**यह लेखक के अपने विचार हैं।**

Feedback@dainiknavajyoti.com


SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
Loot Blink
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds
₹2,990
₹249
92% OFF
YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch
₹4,999
₹349
93% OFF
YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB
₹59,900
₹5,399
91% OFF
YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV
89% OFF
YOU SAVE ₹25,800
realme Narzo N55 (6GB+128GB)
₹13,999
₹799
94% OFF
YOU SAVE ₹13,200
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD)
90% OFF
YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic
₹14,999
₹1,499
92% OFF
YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD
₹6,999
91% OFF
YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT Backpack
₹1,999
₹149
93% OFF
YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000
₹1,995
₹199
90% OFF
YOU SAVE ₹1,796
AGARO Air Fryer 4.5L
₹6,999
₹699
90% OFF
YOU SAVE ₹6,300
PUMA Men's Running Shoes
₹3,999
91% OFF
YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS Study Headphones with Mic
₹1,499
₹169
89% OFF
YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE Laptop Table Foldable
₹1,299
₹129
90% OFF
YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker
₹3,999
₹199
95% OFF
YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!



श्री नरेन्द्र मोदी-प्रधानमंत्री



श्री नितिन नबीन
राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा

श्री अमित शाह
केन्द्रीय सहकारिता एवं गृहमंत्री

श्री शिवराजसिंह चौहान
केन्द्रीय कृषि मंत्री

श्री भजनलाल
मुख्यमंत्री

श्री मदन राठौड़
प्रदेशाध्यक्ष भाजपा

दीया कुमारी
उपमुख्यमंत्री

श्री प्रेमचन्द बैरवा
उपमुख्यमंत्री

श्री वासुदेव देवनानी
विधानसभाध्यक्ष

श्री सुरेश रावत
जल संसाधन मंत्री



श्रीमती अनिता भदेल
विधायक अजमेर दक्षिण

श्री शत्रुघ्न गौतम
केकड़ी विधायक

श्री रामस्वरूप लाम्बा
नसीराबाद विधायक

श्री वीरेंद्र कानावत
मसूदा विधायक

श्री ओंकार सिंह लखावत
अध्यक्ष
राजस्थान धरोहर प्राधिकरण

श्री ओम प्रकाश भड़ाणा
अध्यक्ष
श्री देवनारायण बोर्ड

श्रीमती सुशील कंवर पलाड़ा
जिला प्रमुख अजमेर

श्रीमती रमा चोपड़ा
जिला प्रमुख
जयपुर ग्रामीण

श्री रमेश सोनी
शहर अध्यक्ष
भाजपा

श्री जीतमल प्रजापत
देहात अध्यक्ष
भाजपा

श्री राजेश गुर्जर
जिलाध्यक्ष
जयपुर ग्रामीण

## सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के

# 12 वर्ष मोदी सरकार

## विकास, विश्वास एवम जनकल्याण के

### विकसित भारत के संकल्प की ओर निरंतर आगे बढ़ता नया भारत



**धारा 370 समाप्त**

5 अगस्त 2019
जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद, अलगाववाद और भेदभाव से मुक्ति एक देश, एक संविधान, एक निशान

**तीन तलाक पर रोक**

मुस्लिम महिलाओं को न्याय और सम्मान, तीन तलाक जैसी अमानवीय प्रथा पर कानूनी रोक

**नया भारत, नया विश्वास**

सशक्त निर्णय, मजबूत नेतृत्व और राष्ट्रहित सर्वोपरि नीतियों से भारत का विश्व में बढ़ा मान-सम्मान

**12 वर्ष जन कल्याण के**

1. 50 करोड़ से अधिक जन धन खाते
2. प्रधानमंत्री उज्वला योजना 10 करोड़ से अधिक मुफ्त कनेक्शन
3. 3 करोड़ से अधिक पक्के मकान

**12 वर्ष किसान श्रमिक कल्याण के**

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 11 करोड़ से अधिक किसानों को सीधा लाभ
2. 50 करोड़ से अधिक किसानों को फसल सुरक्षा 3. 22 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड
4. 30 करोड़ से अधिक श्रमिक eश्रम पोर्टल से लाभान्वित.....

## सेवा, संकल्प और समर्पण
## अजमेर की नई दिशा

**सड़क और पुल निर्माण**

1. 10 ओवरब्रिज/फ्लाईओवर, 350 करोड़ की लागत से निर्मित एवं वित्त वर्ष 2024-25 में 5 ओवरब्रिज/फ्लाईओवर 133 करोड़ की लागत से स्वीकृत
2. किशनगढ़-अहमदाबाद फोर लेन हाईवे का सिक्स लेन में रूपांतरण 90 किमी अजमेर क्षेत्र में 1200 करोड़ का कार्य।
3. राष्ट्रीय राजमार्गों और ग्रामीण सड़को प्रधानमंत्री आवास सड़क और विभिन्न सड़क परियोजनाओं पर लगभग 500 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं स्वीकृत एवं प्रगतिरत।

**स्वास्थ्य एवं शिक्षा**

1. 100 बेड का कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल किशनगढ़ में स्वीकृत।
2. कायड क्षेत्र में नया मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन ।
3. PM केयर फंड से 130 वेंटिलेटर, ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना।
4. अजमेर में विज्ञान केंद्र निर्माण हेतु 15.20 करोड़ की लगत से निर्माण कार्य स्वीकृत एवं प्रगतिरत
5. अजमेर के जनाना अस्पताल में इसीआरपी योजना के अंतर्गत 7.50 करोड़ की लागत से 100 बेड का नविन वार्ड एवं 3.30 करोड़ की लागत से 20 बेड का आईसीयू वार्ड स्वीकृत व निर्माण कार्य प्रगतिरत

**मोदी सरकार के 12 वर्ष : किसान कल्याण के स्वर्णिम वर्ष**
**किसानों के सम्मान, सेवा और समर्पण को समर्पित**

**किसान हित में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ**

- 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ
- किसानों के खातों में 3.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान राशि हस्तांतरित
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से करोड़ों किसानों को सुरक्षा कवच
- पीएम कुसुम योजना से किसान बन रहे हैं ऊर्जा दाता
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-नाम, डिजिटल कृषि मिशन एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा
- राजस्थान सहित देशभर में सिंचाई, कृषि अवसंरचना एवं किसान कल्याण को नई गति

**कार्यक्रम-**

| | |
|---|---|
| प्रातः 7:00 बजे<br>स्वच्छता अभियान ,<br>सरवाड़ी गेट | प्रातः 8:00 बजे<br>स्वच्छता अभियान,<br>कम्युनिटी पार्क<br>मझेला लिंक रोड |
| प्रातः 9 :00 बजे<br>श्रीराम गौशाला में<br>गौ सेवा एवम वृक्षारोपण | प्रातः 11:00 बजे<br>प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला,<br>किसानों को बीज किट वितरण<br>कृषि विज्ञान केंद्र तबीजी, अजमेर |

**रेलवे एवं यातायात क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम**

1. राजस्थान की पहली वंदे भारत ट्रेन-अजमेर से दिल्ली 13 अप्रैल 2023 से प्रारंभ
2. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अजमेर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास हेतु 498 करोड़ स्वीकृत।
3. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विजयनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास हेतु 15.24 करोड़ स्वीकृत।
4. किशनगढ़ स्टेशन पर 4 एस्केलेटर, 2 लिफ्ट और दर्जनों ट्रेनों का ठहराव पारंभ।
5. 52 किमी नई रेलवे लाइन पुष्कर से मेड़ता और 145 किमी लाइन अजमेर-कोटा के लिए 100 करोड़ स्वीकृत।

**जन-जन के लोकप्रिय, ऊर्जावान, कर्मठ, जुझारू व्यक्तित्व के धनी, अजमेर के सांसद एवं केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री, भारत सरकार**

# श्री भागीरथ जी चौधरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं

## एवं आपके उज्जवल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामनाएं

**शुभेच्छु** समस्त भाजपा कार्यकर्तागण अजमेर लोकसभा क्षेत्र

DNA-400917

बंद करनी पड़ रही नाक !





आनासागर झील में बड़े पैमाने पर मृत मछलियों के कारण इसकी परिधि के आसपास से गुजरने वालों का यह हाल है।


### एनजीटी के डंडे के बाद भी नहीं सुधरा सिस्टम

# बिना ट्रीटमेंट 18 रास्तों से आनासागर में उतर रही शहर की गंदगी और मल-मूत्र

## करोड़ों के एसटीपी फेल, गंदे पानी का डंपिंग यार्ड बनी ऐतिहासिक झील

## कागजों में सफाई, धरातल पर तबाही






**'पैसों की खान'**

आनासागर का जल स्तर कम किए जाने के बाद जगह-जगह जमीन झांक रही है। इसी के साथ रामप्रसाद घाट के नजदीक खानाबदोश पानी में उतरकर झील में पैसे आदि ढूंढते नजर आ रहे हैं। -एम.अली



**कासं/अजमेर।** अजमेर की पहचान कही जाने वाली आनासागर झील इन दिनों प्रशासनिक लापरवाही और तकनीकी विफलताओं के कारण अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। शहर को ह्यस्मार्ट सिटीह्न का तमगा दिलाने की होड़ में झील के चारों तरफ कंक्रीट के पाथवे बनाने और लाइटिंग करने पर तो करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा दिए गए, लेकिन झील की वास्तविक सेहत को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। 'दैनिक नवज्योति' ने ग्राउंड जीरो की पड़ताल में सामने आया है कि शहर के 18 से अधिक छोटे-बड़े गंदे नाले बिना किसी ट्रीटमेंट के सीधे झील में गिर रहे हैं। इससे इस ऐतिहासिक झील का पानी अब एक जहरीले केमिकल और सीवरेज के तालाब में तब्दील हो चुका है। बरसात से पहले झील का पानी चैनल गेट से निकालने से इसका पैंदा दिखाई देने लगा तो साफ नजर आ रहा है कि शहरभर की गंदगी किस तरह से इसमें मिल रही है और इसे भीषण दूषित कर रही है।

### फैक्ट 1. करोड़ों के एसटीपी सिर्फ सफेद हाथी

प्रशासन की ओर से बड़े-बड़े दावे किए गए थे कि शहर में स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट गंदे पानी को पूरी तरह ट्रीट करके ही आगे भेजेंगे। लेकिन धरातल की हकीकत यह है कि अधिकांश एसटीपी अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहे हैं। कई बार बिजली बचाने या तकनीकी खराबी के नाम पर इन्हें अक्सर बंद रखा जाता है। नतीजा यह है कि रिहायशी इलाकों का मल-मूत्र, होटलों की गंदगी और फैक्ट्रियों का दूषित पानी बिना किसी रुकावट के नालों के रास्ते सीधे आनासागर के सीने में उतारा जा रहा है।

### फैक्ट 2. जलीय जीवों के जीवन पर संकट

झील में चौबीसों घंटे गिरते इस गंदे पानी और रसायनों के कारण पानी में घुली ऑक्सीजन का स्तर खतरनाक रूप से गिर चुका है। पानी का रंग कई जगहों पर पूरी तरह काला और मटमैला हो गया है। झील से उठने वाली तीव्र दुर्गंध के कारण किनारे पर रहने वाले स्थानीय बाशिंदों और यहां आने वाले सैलानियों का बैठना तक दूभर हो चुका है। पानी कम होने से यह दुर्गंध खतरनाक स्तर पर महसूस की जा सकती है। ऑक्सीजन की कमी से हजारों मछलियां तड़पकर मर रहीं हैं। इससे सड़ांध बढ़ती जा रही है। प्रवासी पक्षियों ने भी अब इस झील से दूरी बना ली है। एनजीटी के सख्त निदेशों के बावजूद स्थानीय प्रशासन गंभीर कदम उठाने के बजाय केवल कागजी खानापूर्ति और बैठकों में व्यस्त है।

### फैक्ट 3. ये नाले ला रहे जहर

आनासागर में चारों तरफ से कुल 18 बड़े नाले और चैनल आकर गिरते हैं। लोहागल नाला आनासागर में सीवरेज और गंदा पानी गिराने वाला सबसे बड़ा और प्रमुख नाला है। यह शहर के एक बड़े हिस्से का घरेलू सीवरेज, अपशिष्ट और कचरा सीधे झील में लाता है।

फायसागर की तरफ से आने वाला बांडी नदी नाला भारी मात्रा में अनुपचारित पानी और कचरा लेकर सीधे आनासागर में मिलाता है। कहने को यह बांडी नदी मानी जाती है।

चौरसिया वास नाला और नागफणी क्षेत्र के नाले से भारी मात्रा में प्लास्टिक और अनट्रीटेड पानी झील के कैचमेंट एरिया में प्रवेश करता है।

वैशाली नगर, रीजनल कॉलेज के पास और चौपाटी क्षेत्र के नाले से कॉलोनियों, होटलों का वेस्ट और डिशवॉशिंग केमिकल (फॉस्फेट) सीधे पानी में मिल रहा है।

### फैक्ट 4. एनजीटी की फटकार का भी असर नहीं

आनासागर झील में सीवरेज गिरने को लेकर एनजीटी में याचिकाएं लग चुकी हैं। कोर्ट ने पूर्व में जिला प्रशासन, नगर निगम और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कड़ी फटकार लगाई थी। इसके बावजूद हालात नहीं सुधरे रहे हैं। कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि आनासागर झील के 'बफर जोन' यानी 100 से 200 मीटर के दायरे में कोई भी नया निर्माण या नालों का सीधा प्रवाह नहीं हो, प्रशासन के बार-बार हलफनामे देने के बावजूद धरातल स्थिति उलट है। नालों का पानी बिना ट्रीटमेंट के झील को खत्म करने पर आमादा है।



## आज फिर से 9-9 इंच खुलेंगे दो चैनल गेट

**अजमेर।** शहर की आनासागर झील के आसपास की कॉलोनियों, सड़कों तथा निचली बस्तियों में रहने वालों की जलभराव सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने झील के दो चैनल गेट फिर से खोलने के निर्देश दिए हैं। यह काम जल संसाधन विभाग के अभियंताओं की देखरेख में मंगलवार को सुबह 8 बजे किया जाएगा। एक्सईएन सत्येन्द्र मीणा के अनुसार इस बार दोनों चैनल गेट 9-9 इंच तक खोले जाएंगे और जल स्तर को 10.6 फीट पर लाया जाएगा। हालांकि गत माह जिला प्रशासन ने चैनल गेट खुलवा कर झील का जल स्तर पूरे जल भराव 13 फीट से घटवा कर 11 फीट पर लाकर गेट बंद करवा दिए थे। लेकिन बीच-बीच में हो रही कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश के चलते प्रशासन इस मामले में कोई भी जोखिम नहीं लेना चाहता है। इस लिए मानसून की बारिश शुरू होने से पहले ही झील में इतनी जगह बनाने की कोशिश में जुटा है कि यदि एकदम तेज बारिश आ भी जाए तो झील के उफान पर तुरंत काबू पाया जा सके।

# आनासागर 'डी-सिल्टिंग' की योजना पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

### जयपाल का हाईकोर्ट के आदेशों और वेटलैंड नियमों की अवहेलना का आरोप

### खुदाई के लिए तकनीकी परीक्षण को बताया अधूरा

**कासं/अजमेर**

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर और वरुण सागर झील के लिए प्रस्तावित डी-सिल्टिंग यानी गाद निकालने की योजना पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि बिना किसी वैज्ञानिक अध्ययन, विस्तृत पर्यावरणीय मूल्यांकन और वैधानिक स्वीकृतियों के करोड़ों रुपए की इस परियोजना को लागू करना कानूनी, पर्यावरणीय और जनहित के सिद्धांतों के पूरी तरह विपरीत है। कांग्रेस ने इन तकनीकी विसंगतियों को रेखांकित करते हुए इस योजना पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राज कुमार जयपाल ने कानूनी संदर्भ देते हुए बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर ने हाल ही में 1 जून 2026 को वेटलैंड (कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट) रूल्स 2017 के तहत राज्य के सभी वेटलैंड्स के संरक्षण, वैज्ञानिक सीमांकन और जैव विविधता का संतुलन बनाए रखने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी वेटलैंड के भौतिक स्वरूप में कोई भी परिवर्तन या हस्तक्षेप केवल वैज्ञानिक अध्ययन और तय विधिक प्रक्रिया के अनुरूप ही किया जा सकता है।

#### अधिसूचना और अदालती आदेशों के उल्लंघन का आरोप

डॉ. जयपाल ने विभागीय पत्राचार का हवाला देते हुए बताया कि जल संसाधन विभाग ने 12 जून 2026 को राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी), नागपुर को पत्र भेजकर आनासागर झील के ह्यडी-सिल्टिंग एंड कैपेसिटी रिस्टोरेशनह्न कार्य के तकनीकी परीक्षण का प्रस्ताव भेजा है। मूल रूप से 222 हेक्टेयर क्षेत्र में 78.80 करोड़ रुपए की डी-सिल्टिंग योजना प्रस्तावित थी, जबकि वर्तमान में 10.52 करोड़ रुपये की लागत से 10.98 हेक्टेयर क्षेत्र में औसतन एक मीटर गहराई तक गाद हटाने का सीमित प्रस्ताव रखा गया है। उन्होंने आपत्ति जताई कि जब हाईकोर्ट ने पहले ही वेटलैंड संरक्षण के लिए व्यापक वैज्ञानिक प्रबंधन योजना तैयार करने के निर्देश दे रखे हैं, तो प्रशासन उससे पहले ही डी-सिल्टिंग की प्रक्रिया शुरू करने की जल्दबाजी क्यों कर रहा है?

कांग्रेस अध्यक्ष ने स्थानीय स्वशासन विभाग द्वारा 30 अक्टूबर 2017 को जारी की गई अधिसूचना की याद दिलाते हुए कहा कि इसमें आनासागर झील के करीब 332.63 हेक्टेयर क्षेत्र को संरक्षित घोषित किया गया था। इस अधिसूचना के तहत झील क्षेत्र में किसी भी प्रकार की खुदाई, भूमि के स्वरूप में परिवर्तन, रेत व खनिजों के निष्कर्षण, भराव कार्य और प्राकृतिक जल प्रवाह को प्रभावित करने वाली समस्त गतिविधियों पर पूरी तरह प्रतिबंध है।

#### संयुक्त समिति से विस्तृत डीपीआर के परीक्षण की मांग

कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि आनासागर व वरुण सागर झील में डी-सिल्टिंग का कार्य शुरू करने से पहले एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाए और एक विशेषज्ञ संयुक्त समिति से इसका बारीकी से परीक्षण कराया जाए। उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से हाईकोर्ट के आदेशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि जब तक वैज्ञानिक अध्ययन और पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन की रिपोर्ट सामने नहीं आ जाती, तब तक झील के मूल स्वरूप के साथ कोई भी छेड़छाड़ न की जाए। इस अवसर पर डॉ. जयपाल के साथ फकरे मोइन, महेंद्र चौधरी, कमल वर्मा, विवेक पाराशर, अमित गर्ग, ईश्वर टहलयानी, सुमित मित्तल, देशराज मेहरा, शैलेष गुप्ता सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गौरव पथ संघर्ष समिति ने भी ऐतराज किया

**कासं/अजमेर।** गौरव पथ संघर्ष समिति के सचिव अंशुल जयसिंघानी ने भी राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशा की भावना के विपरीत आनासागर झील में वैज्ञानिक अध्ययन से पूर्व डी सिल्टिंग की तैयारी को अत्यंत गंभीर मानते हुए इस योजना पर रोक लगाने की आवश्यकता बताई है। उन्होंने कहा है कि न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आर्द्रभूमि में उसके भौतिक स्वरूप में परिवर्तन, खुदाई व अन्य गतिविधियां वैज्ञानिक अध्ययन व विधिक प्रक्रिया के अनुरुप ही की जानी चाहिए। उनके अनुसार पर्यावरण व जल संरक्षण से जुड़े लोगों की दृष्टि में आनासागर झील केवल जलाशय नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण वेटलैंड इको सिस्टम है। जिसकी पारिस्थितिकी, पक्षी आवास, भूजल पुनर्भरण और जीव विविधता पर किसी भी असंगत गतिविधि का दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए न्यायालय के आदेशों तथा वैज्ञानिक सिद्धांत के अनुरुप व्यापक अध्ययन व स्वतंत्र विशेषज्ञों की राय प्राप्त करने के बाद ही कोई डी सिल्टिंग योजना लागू की जाए।

# 7 करोड़ की लागत से चौड़ी होगी केसरबाग पुलिया और एस्केप चैनल-देवनानी

**जलभराव से मिलेगी मुक्ति**



**कासं/अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को केसरबाग पुलिया एवं एस्केप चैनल चौड़ाईकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस कार्य पर 7 करोड़ की लागत आएगी। कार्यक्रम में देवनानी ने कहा कि एस्केप चैनल चौड़ाईकरण कार्य पर लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जबकि विद्युत लाइनों के शिफ्टिंग कार्य पर लगभग 1 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में बजरंगगढ़ मार्ग पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब नाले की चौड़ाई को दोगुना किया जाएगा, जिससे पानी की निकासी सुचारू होगी और मार्ग पर जलभराव की समस्या समाप्त होगी।

> "अजमेर शहर को जलभराव से स्थायी मुक्ति दिलाने के लिए लगभग 400 करोड़ रुपए का व्यापक ड्रेनेज प्लान तैयार किया गया है। इस योजना के प्रथम चरण में करीब 150 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए जाएंगे, जिससे शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा।
>
> -वासुदेव देवनानी, विधानसभा अध्यक्ष

## मानसून से पहले हो नालों की सफाई, सड़कों पर पैचवर्क

**कासं/अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को सर्किट हाउस में अजमेर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित कामकाज एवं बारिश से पूर्व की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जिला कलक्टर लोक बन्धु एवं आयुक्त नित्या के. मौजूद रहे। देवनानी ने निर्देश दिए कि नगर निगम बारिश से पूर्व नालों की शत-प्रतिशत सफाई करवा लें, ताकि पानी की निकासी में अवरोध नहीं आए। निगम, एडीए और पीडब्ल्यूडी सड़कों के गड्ढे भरने, मरम्मत और पैचवर्क आगामी 15 दिनों में पूरा कर ले। माकड़वाली रोड पर मरम्मत से संबंधित कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग शीघ्र करवा कर एडीए को सड़क सौंपेगा। जल भराव में बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पम्प तैयार रखे जाएं। बैठक में माकड़वाली रोड पर सुधार के लिए चर्चा की गई। सार्वजनिक निर्माण विभाग क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत करवा कर शीघ्र एडीए को हैंडओवर करेगा। इसे बाद सड़क की देखरेख का जिम्मा एडीए संभालेगा। देवनानी ने अजमेर शहर में जल भराव से मुक्ति के लिए 150 करोड़ रुपए के ड्रेनेज प्लान पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावों को शीघ्र तैयार किया जाए।

#### इन पर भी हुआ विचार

डी-सिल्टिंग के विषय पर भी सिंचाई विभाग को त्वरित गति से काम करने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि पुष्कर घाटी में भारी वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए हाइट बैरियर जल्द लगाने के निर्देश दिए गए। जयपुर रोड पर अजमेर प्रवेश द्वार के पास जल भराव की समस्या के समाधान के लिए एडीए आवश्यक इंतजाम करेगा। बैठक में देवनानी ने नगर निगम गौशाला प्रबंधन, सरकारी भूमि में अतिक्रमण हटाने, विधायक कोष के कार्य, तारागढ़ विकास सहित अन्य विषयों पर चर्चा की।

# प्रेशर हॉर्न, तेज लाइटें...और काली फिल्म लगवाना जुर्म

### परिवहन विभाग का अभियान : 1406 वाहनों के बनाए चालान, 1.12 करोड़ रुपए का राजस्व वसूला



**अब तक की गई कार्यवाही**

| | |
|---|---|
| कुल चालान | 1406 |
| अवैध अल्टरेशन | 318 |
| प्रेशर हॉन | 25 |
| अनाधिकृत नंबर प्लेट | 195 |
| अन्य उल्लंघन | 868 |
| जब्त वाहन | 245 |
| कुल राजस्व वसूली | 1.12 करोड़ रुपए |

**कासं/अजमेर।** वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन, प्रेशर हॉर्न और नियम विरुद्ध नंबर प्लेट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला परिवहन विभाग ने इस माह अब तक कार्यवाही करते हुए 1406 वाहनों के चालान बनाए हैं। इस दौरान विभाग ने 1.12 करोड़ रुपए का राजस्व भी वसूला है।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा अवैध रूप से मॉडिफाई किए गए वाहनों, अनधिकृत लाल-नीली बत्ती, प्रेशर हॉर्न, काली फिल्म तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। परिवहन आयुक्त पुरुषोत्तम शर्मा ने पिछले दिनों निर्देश जारी किए थे कि प्रदेश में ऐसे वाहन भी चल रहे हैं जिनमें प्रावधानों के विपरीत वाहन संरचना में बदलाव, प्रेशर हॉर्न, एयर हॉर्न, काली फिल्म, अनधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर, हूटर तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट का उपयोग किया जा रहा है। जबकि वाहन मालिक वाहन की मूल संरचना, सीटिंग क्षमता, वजन, रंग अथवा अन्य तकनीकी विशेषताओं में ऐसा कोई परिवर्तन नहीं कर सकते जो पंजीकरण प्रमाण पत्र में दर्ज विवरण से भिन्न हो। विशेष अभियान के दौरान वाहन पर अनुमति के बिना लाल बत्ती, नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट, बीकन लाइट अथवा हूटर होने पर उसे मौके पर ही हटवाया जा रहा है। इसी तरह प्रेशर हॉर्न और एयर हॉर्न, शीशों पर लगी काली फिल्म, वाहन की बॉडी पर अनाधिकृत शब्द, चिह्न, स्टिकर, मोनोग्राम को भी हटाया जा रहा है। जिला परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वह अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध परिवर्तन न करवाएं तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट और सुरक्षा उपकरणों का ही उपयोग करें।

### आरटीओ में टेस्ट ड्राइव के लिए नहीं हो रहे हैं स्लॉट बुक

#### सारथी पोर्टल को लेकर परेशानी

**कासं/अजमेर।** स्थाई लाइसेंस बनवाने के लिए वाहन चालक परिवहन विभाग में टेस्ट ड्राइव का स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं। पिछले सप्ताह से यह परेशानी बनी हुई है। परिवहन मुख्यालय ने पिछले दिनों प्रदेश के सभी प्रादेशिक परिवहन अधिकारी व जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश जारी किए थे। जिसमें उल्लेख किया था कि गत 22 मई को उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में गर्मी के मौसम को देखते हुए वाहन चालक परीक्षण का समय सुबह और शाम किया जाए। इसके बाद सारथी पोर्टल पर वाहन चालक परीक्षण के लिए सुबह और शाम को ही स्लॉट बुक होने लगे। अब गत सप्ताह से वाहन चालकों को सुबह और शाम को भी स्लॉट बुक कराने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि पोर्टल के रखरखाव के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है, जिसका जल्द समाधान होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**आमजनता को तो बताओ :** वाहन चालकों का कहना है कि गर्मी को देखते हुए यदि स्लॉट बुक करने के समय में बदलाव किया गया है तो यह आमजन को तो बताना चाहिए। वाहन चालक रोज स्लॉट बुक कराने के लिए परेशान हो रहे हैं।

# जरूरतमंद को बांटे पैकेट, वृद्धजन को कराया भोजन

## केंद्रीय राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी के जन्मदिवस पर सेवा कार्य आज



**मदनगंज-किशनगढ़।** केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री एवं सांसद भागीरथ चौधरी के जन्मदिवस से पूर्व सोमवार को पूर्व अजमेर शिव सेना संभाग अध्यक्ष प्रेम साहू के नेतृत्व में कच्ची बस्ती क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को 151 भोजन पैकेट वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। शिव सेना संभाग अध्यक्ष प्रेम साहू की मौजूदगी में कार्यकर्त्ताओं ने केंद्रीय मंत्री चौधरी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चौधरी के जन्मदिवस पर मंगलवार को सेवा, स्वच्छता एवं किसान कल्याण सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर प्रातः 7 बजे गोबरिया गणेशजी स्थित सरवाड़ी गेट के बाद प्रातः 8 बजे कम्युनिटी पार्क, मझेला रोड पर स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया जाएगा। तत्पश्चात् प्रातः 9 बजे श्रीराम गौशाला में गायों की सेवा सुश्रुषा की जाएगी। इसके अलावा प्रातः 11 बजे कृषि विज्ञान केंद्र, तबीजी पर प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला व किसानों को बीज किट वितरण किया जाएगा।

### चिकित्सा क्षेत्र में समाज सेवा के लिए आशा लालचंदानी सम्मानित



**कासं./अजमेर।** मानवता और चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व अनुकरणीय सेवाओं के लिए शेवाराम लालचंदानी चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरमैन कुमारी आशा लालचंदानी को जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) चिकित्सालय में आयोजित विशेष समारोह में मुख्य अतिथि सीआरपीएफ-2 (मेडिकल) डॉ. लॉरेंस बेंडो, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल सामरिया एवं विशिष्ट अतिथि सीआरपीएफ के डॉ. राजेश तथा डॉ. जी. सी. मीणा ने सम्मानित किया। रक्तदान शिविर 17 को- 'श्री शेवाराम लालचंदानी चैरिटेबल ट्रस्ट' द्वारा संचालित शेवा क्लिनिक की ओर से शेवाराम लालचंदानी की पुण्यतिथि के अवसर पर 17 जून को माकड़वाली रोड, एक्सिस बिल्डिंग, सी-ब्लॉक, पंचशील नगर में प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

### मित्तल हॉस्पिटल में बिना बाहरी चीरे के मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. चटर्जी ने किया जटिल उपचार

**अजमेर।** नागौर जिले के कुचामन-मकराना मार्ग पर दो माह पूर्व हुई गंभीर सड़क दुर्घटना में चेहरे पर 14 फ्रैक्चर और अनेक गंभीर चोटों से पीड़ित युवक का अजमेर स्थित मित्तल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सफल उपचार किया गया। हॉस्पिटल के डॉ. अभिरूप चटर्जी ने जटिल मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के माध्यम से युवक के चेहरे और जबड़े की संरचना को पुनः सामान्य स्वरूप देने में सफलता प्राप्त की।

मित्तल हॉस्पिटल के मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. अभिरूप चटर्जी ने बताया कि दुर्घटना के कारण युवक के चेहरे की कई हड्डियां टूट गई थीं तथा जबड़ा सामान्य रूप से बंद नहीं हो पा रहा था। उपचार के दौरान उसके जबड़े और चेहरे की हड्डियों को स्थिर करने के लिए लगभग आठ टाइटेनियम प्लेटें लगाई गईं। विशेष बात यह रही कि अधिकांश प्लेटें मुंह के भीतर से डाली गईं, जिससे चेहरे पर बाहरी चीरे या स्थायी निशान से बचा जा सका।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना में आगे के चार दांत टूटकर मुंह के भीतर चले गए थे। उनके साथ पूरी चिकित्सकीय टीम ने उन्हें सुरक्षित निकालकर पुनः उनकी स्थिति में स्थापित किया। वर्तमान में युवक सामान्य रूप से भोजन कर पा रहा है और उसकी स्थिति लगातार बेहतर हो रही है। आगे सामने के दांतों के स्थायी पुनर्स्थापन तथा कुछ शेष निशानों के उपचार की प्रक्रिया भी की जाएगी।

## सोमवती अमावस्या पर पुष्कर में उमड़ा महासैलाब

# ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

## देर शाम तक चला स्नान का सिलसिला, ब्रह्माजी के दर्शन कर किया दान-पुण्य

**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, पुष्कर।** तीर्थनगरी पुष्कर में अधिकमास की अमावस्या पर सोमवार के संयोग से सोमवती अमावस्या का पर्व मनाया गया। सोमवार को देशभर से ढाई लाख से अधिक श्रद्धालु पुष्कर पहुंचे और पवित्र ब्रह्म सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह ब्रह्म मुहूर्त 5 बजे से ही सरोवर के 52 घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ना शुरू हुआ जो शाम तक लगातार जारी रहा। श्रद्धालु महिलाएं मंगल गीत गाते हुए सरोवर स्नान के लिए पहुंचीं और स्नान के बाद सरोवर की परिक्रमा कर जगतपिता भगवान ब्रह्माजी समेत देवालयों के दर्शन किए। इसके साथ अधिक मास व पंचतीर्थ स्नान का समापन हो गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अधिक मास में पड़ने वाली सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व के चलते सुबह से ही गऊघाट, गणगौर घाट, बद्री घाट, ब्रह्म घाट, वराह घाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान कर पूजन, परिक्रमा, दीपदान, तर्पण, अन्नदान और वस्त्रदान भी किए। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने ब्रह्माजी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने तीर्थ पुरोहितों के सानिध्य में घाट किनारे अपने दिवंगत पूर्वजों की आत्मशांति के तर्पण, पिंडदान भी किए।

**16 घंटे तक ब्रह्माजी के दर्शन के लिए कतार**

अलसुबह 5 बजे ब्रह्माजी की मंगला आरती के साथ दर्शन के लिए शुरू हुई दर्शनार्थियों की कतार लगातार रात्रि 9 बजे तक शयन आरती तक लगी रही। प्रतिदिन 1.30 से 3 बजे तक विश्राम के लिए बंद रहने वाला मंदिर भी सोमवार को उमड़ी भीड़ के चलते खुला रहा। इसके चलते 16 घंटे तक दर्शनार्थियों ने जगत पिता ब्रह्माजी के दर्शन कर मनोकामना मांगी। वहीं मंदिर प्रबंधन की ओर से सोमवार को दिनभर वन वे सिस्टम लागू किया गया।





पुष्कर। फूलों से किया गया ब्रह्माजी का श्रृंगार व महाआरती करते पुजारी। नीतिन पाराशर

**251 किलो फलों और पुष्पों से सजा ब्रह्माजी का गर्भगृह**

ज्येष्ठ अधिकमास की पावन सोमवती अमावस्या पर विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मा मंदिर में सोमवार अलसुबह मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान ब्रह्माजी और गायत्री माताजी का दिव्य श्रृंगार किया गया। पुजारी कृष्णगोपाल वशिष्ठ ने बताया कि मंदिर में अलसुबह 3 बजे विधि-विधान के साथ जगतपिता ब्रह्माजी एवं गायत्री माताजी का षोडशोपचार पूजन और पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान का विशेष श्रृंगार कर सुबह 5 बजे महाआरती की गई। सोमवती अमावस्या के उपलक्ष्य में निज मंदिर गर्भगृह के अंदर और बाहर आकर्षक फल एवं पुष्प बंगला सजाया गया। इसमें 251 किलोग्राम फलों का उपयोग किया गया, जिसमें हाफूस आम, लीची, चेरी, अंगूर सहित कई प्रकार के फल शामिल थे। वहीं सजावट में टाटा कट फ्लावर, मोगरा, गुलाब, कमल सहित विभिन्न देशी-विदेशी फूलों का प्रयोग किया गया। फलों और फूलों से सजे भगवान ब्रह्माजी के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बताया कि यह विशेष फल एवं पुष्प श्रृंगार अजमेर निवासी ब्रह्माजी के भक्त सत्यनारायण भंसाली, अमित भंसाली और विनित भंसाली द्वारा करवाया गया। वहीं शाम को श्रृंगार में उपयोग किए गए फलों का प्रसाद श्रद्धालुओं और भक्तों में वितरित किया गया।

**व्यवस्थाओं पर उठे सवाल**

आस्था के इस विशाल आयोजन के बीच व्यवस्थाओं की कमियां भी सामने आईं। पुष्कर सरोवर के कई घाटों पर गंदगी, काई और फिसलन के कारण कई श्रद्धालु चोटिल हुई। वहीं कई स्थानों पर श्रद्धालु संभलकर चलते नजर आए। महिला और बुजुर्ग श्रद्धालुओं को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। घाटों पर पर्याप्त चेंजिंग रूम और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर श्रद्धालुओं ने नाराजगी जताई। सरोवर में पूजन सामग्री और खाद्य सामग्री डाले जाने से स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हुए।

**भीड़ से बिगड़े हालात**

सबसे ज्यादा भीड़ गऊघाट पर देखने को मिली। भारी भीड़ के कारण श्रद्धालुओं को निकलने तक में परेशानी हुई। कई बार धक्का-मुक्की जैसी स्थिति बनी। पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी के बावजूद भीड़ को नियंत्रित करना चुनौती बना रहा। इस दौरान उपखंड अधिकारी गुरुप्रसाद तंवर, नगर परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा, सीआई विक्रम सिंह को भी घाटों व मुख्य बाजार में पहुंचकर व्यवस्थाओं को संभालना पड़ा।

**2 से 3 किमी पैदल चलकर पहुंचे घाट**

सोमवती अमावस्या पर सोमवार को उम्मीद से अधिक भीड़ उमडने पर पुलिस व प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। पुलिस व प्रशासन द्वारा उम्मीद के मुताबिक व्यवस्थाएं नहीं करने से स्थानीय वांशिदों व श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई। जगह जगह वाहनों के लंबे लंबे जाम लग गए। भीड़ उमडने के बाद पुलिस ने नागौर मार्ग से आने वाले सभी चौपहिया वाहनों को गनाहेड़ा तिराहे से आगे नहीं आने दिया वहीं अजमेर से आने वाले वाहनों को चुगी नाके तथा बूढ़ा पुष्कर की ओर से आने वाले वाहनों को भट्‌बाय गणेश मंदिर से आगे आने नहीं दिया गया। इसके चलते श्रद्धालुओं को करीब 2 से 3 किलोमीटर पैदल चलकर सरोवर में स्नान व ब्रह्माजी के दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं सुबह 10 बजे बाद चौपहिया वाहनों के लिए बंद किया गया वन वे शाम 5 बजे खोल दिया गया।

## जिंदगी की जंग हार गया 14 वर्षीय मोतीलाल

सोमवती अमावस्या के उपलक्ष्य में पुष्कर सरोवर में महास्नान के दौरान हुए हादसे में 14 वर्षीय बालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सरोवर के गहरे पानी में डूबने के बाद करीब 10 मिनट तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने वाले मोतीलाल ने आखिरकार अजमेर के जेएलएन अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार बालोतरा जिले के समदड़ी निवासी 14 वर्षीय मोतीलाल परिजन के साथ सोमवती अमावस्या पर पुष्कर सरोवर में स्नान करने आया था। स्नान के दौरान अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद सिविल डिफेंस टीम और गोताखोरों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को सरोवर से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि वह करीब 10 मिनट तक पानी में रहने के बाद बेहोशी की हालत में मिला था। रेस्क्यू के बाद टीम ने तत्काल सीपीआर देकर उसकी सांसें वापस लाने का प्रयास किया, जिसके बाद उसे उपचार के लिए पुष्कर अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मोतीलाल को अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल रेफर किया, जहां उसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**सिविल डिफेंस ने 28 श्रद्धालुओं को डूबने से बचाया**

सोमवती अमावस्या स्नान के दौरान पुष्कर सरोवर के घाटों पर सेवाएं दे रहे सिविल डिफेंस टीम ने वहीं सुबह से शाम तक अलग अलग घाटों पर करीब दो दर्जन से अधिक स्नानार्थियों को डूबने से बचाया। इस दौरान टीम इंचार्ज किशन गोपाल जाट, सुनील कुमार सोनी, राधेश्याम माली, महासिंह एवं महेंद्र भारद्वाज आदि ने सहयोग किया।

### जाम से जूझा पुष्कर, बसों की कमी से श्रद्धालु परेशान



सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भारी आवक के कारण पुष्कर के मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। बांगड़ तिराहा से रेलवे फाटक तक लंबा जाम लग गया। हजारों वाहन सडक़ों पर फंसे नजर आए। गर्मी में श्रद्धालुओं को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी। अतिरिक्त बसों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से कई श्रद्धालु बसों के इंतजार में परेशान दिखाई दिए। इधर, भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थानीय दुकानदारों, भामाशाहों और विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह पानी के कैंपर, मिल्क रोज और शरबत की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं की सेवा की और मानव सेवा का संदेश दिया।

# गुंदोलाव झील में तैरता मिला शव

## धोती-कुर्ता पहने युवक की शिनाख्त के प्रयास में जुटी पुलिस



**मदनगंज-किशनगढ़।** गुंदोलाव झील स्थित भैरव घाट मंदिर के पीछे सोमवार को अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैरता हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। घाट के पास शव को देखकर लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही किशनगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाकर जांच शुरू की। पुलिसके अनुसार मृतक की उम्र के बारे में फिलहाल स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है और उसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को शिनाख्ती के अभाव में वाईएन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस के मुताबिक मृतक युवक धोती-कुर्ता पहने हुए है। वहीं घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि मौके पर एक लावारिस बाइक भी खड़ी है। अंदेशा जताया जा रहा है कि यह बाइक मृतक की हो सकती है। पुलिस इस बाइक के नंबरों के आधार पर भी मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। किशनगढ़ सीआई बन्नालाल जाट ने आमजन से अपील की है कि यदि हुलिए या कपड़ों के आधार पर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मिले, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिए नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर
DEV/AJMER/TRUST/2026/1053

चूंकि प्रार्थी श्री RAJU SONI, 45 MISSION SCHOOL COMPOUND, ROADWAYS BUS STAND KE PEECHE, AJMER ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास जीवन प्रकाश चैरिटेबल ट्रस्ट 30-31 B BLOCK, CHANDER PRABHU NAGAR, MAKARWALI ROAD, BEHRUBADA CHAURAHA, AJMER के संबंध में अग्रिम जांच किए जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी: 10.08.2026
मोहर
सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर खण्ड, अजमेर
DNA-400815

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मेरे पक्षकार श्री अभिषेक लुहारिया पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण सिंह, निवासी प्लॉट सं. 7-बी, लाजरस लेन, क्रिश्चियनगंज, अजमेर की ओर से यह सूचित करता हू कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती कोयल यादव पत्नी स्व. श्री ऋषि यादव, निवासी शारदा मार्ग, सिविल लाइन, अजमेर से उनकी एक अचल सम्पत्ति है जिसका भूखण्ड सं. 2 है जो कि वाके ग्राम घूघरा, तहसील व जिला अजमेर में स्थित है जो कि खसरा सं. 508 कुल रकबा 00-11-00 किस्म बारानी की भूमि का एक भाग है तथा जिसका कुल क्षेत्रफल 234.72 वर्गगज है तथा कॉर्नर है, को खरीदने बाबत एक इकरारनामा निष्पादित किया गया। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, समूह, वित्तीय समूह आदि को उक्त भूखण्ड को खरीदने से बाबत किसी भी तरह की कोई आपत्ति या उज्र है तो वह आज दिनांक से आगामी 7 दिवस के भीतर-भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। इसके उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही की जाएगी।
अजमेर, दिनांक : 15.06.2026
कपिल रोहिल्ला (एडवोकेट) मो. 8619231922
DNA 400831

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री राजू गोलानी पुत्र स्व. श्री घनश्यामदास गोलानी, निवासी गणेश गुवाड़ी, पंचशील नगर, अजमेर (राज.) का पुत्र सागर गोलानी जो कि मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं है और आए दिन वो मेरे मुवक्किल व उसके परिवारजन से लड़ाई-झगड़ा करता रहता है तथा अपनी मनमानी से संव्यवहार करता रहता है। इस कारण मेरा मुवक्किल अपने पुत्र सागर गोलानी को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है और भविष्य में मेरे मुवक्किल व अन्य परिवारजन से सागर गोलानी का कोई संबंध व हित सरोकार ना तो है और ना ही रहेगा। यदि कोई भी मेरे मुवक्किल के पुत्र सागर गोलानी से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार व जवाबदेही होगा व रहेगा।
अजमेर, दिनांक : 15.06.2026
योगेश दायमा (एडवोकेट)
DNA 400810

### देवनानी ने जनाना अस्पताल में 10 नए कॉटेज वार्ड का किया शिलान्यास

**कासं/अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को राजकीय जनाना चिकित्सालय में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड से 1.30 करोड़ की लागत से बनने वाले 10 नए कॉटेज वार्डों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया, अतिरिक्त प्राचार्य डॉ.हेमेश्वर हर्षवर्धन, डॉ.कमलेश तनवानी, नेहरू अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविन्द खरे, डॉ.एमपी शर्मा, डॉ.महेन्द्र खन्ना, जनाना चिकित्सालय अधीक्षक डॉ.पूर्णिमा पचौरी, उप अधीक्षक डॉ.जितेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ.दीपाली जैन, डॉ.संध्या चौधरी, डॉ.अजय शर्मा, बीएससी नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य निमेष दवे आदि उपस्थित थे।

### आज बिजली बंद

-सुबह 6 से 8 बजे तक घंटाघर, स्टेशन रोड, पुलिस चौकी, गांधी भवन, मोची वाला, मावा गली, तालेड़ा और आसपास।

-सुबह 7:30 से दोपहर 12 बजे तक पत्रकार कॉलोनी, मंगलम अपार्टमेंट, विवेकानन्द स्मारक के पास, सेंट्रल एकेडमी, खेल मैदान, अम्बेडकर कॉलोनी और आसपास।

-सुबह 8:30 से 11 बजे तक बजरंग नमकीन, जज क्वार्टर, मीठा कुआं भोपा का बाड़ा, पुलिस लाइन खेल मैदान, पुलिस लाइन घोड़ा बैरिक और आसपास।

-सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक काजीपुरा गांव, एसडीपी फैक्ट्री, बर्फ फैक्ट्री, लकी चौराहा और आसपास।

-सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक हथौड़ा फैक्ट्री, दौराई, हाउसिंग बोर्ड, बस स्टैंड, रोजा मस्जिद, वेर तेजा जी मंदिर, यादव कॉलोनी, पंचायत, रेगर मोहल्ला, आजाद मार्ट, जवाहर नगर, सेक्टर 3 और आसपास।

-सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक पन्नीग्राम पुलिस चौकी, चिश्तिया जीएच, हिंदू मोची मोहल्ला, अल-कमर जीएच और आसपास।

-दोपहर 12 से 2 बजे तक भंडारी टेंट हाउस, शिव मंदिर भोपों का बाड़ा, रामदेव मंदिर, लामड़ी मोड, तेजाजी मंदिर, बैक साइड सोफिया स्कूल, अनुपम नगर और आसपास।

-दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक खेल मैदान, अंबेडकर कॉलोनी, फौजी जनरल स्टोर, बैक साइड दाहरसेन स्मारक, हरिभाऊ एक्सटेंशन, प्राइवेट बस स्टैंड, नौसर घाटी और आसपास।

-दोपहर 1:30 से शाम 4 बजे तक भगवानगंज, सांसी बस्ती, सरकारी गर्ल्स स्कूल और आसपास।

## 'सीटेट' के आवेदन विवरण में ऑनलाइन सुधार शुरू

**कासं/अजमेर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सितम्बर में आयोजित होने वाली 22वीं केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) के पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए अपने आवेदन विवरण में रही गलतियां सुधार की ऑनलाइन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है।

इसकी अंतिम तिथि 18 जून होगी। सीटेट निदेशक के अनुसार विवरण में सुधार के लिए बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर करेक्शन विंडो खुल गई है। इस अवधि के दौरान अभ्यर्थी अपना विवरण और पाठ्यक्रम बदल सकते हैं। उल्लेखनीय है कि 6 सितम्बर को देशभर के 132 शहरों में 27 भाषाओं में इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। बोर्ड के अनुसार यदि परीक्षा के लिए आवेदकों की संख्या बढ़ जाती है, तो परीक्षा 5 सितम्बर शनिवार को भी आयोजित की जा सकती है।

**'नीट' के प्रवेश पत्र जारी**

अजमेर। एनटीए ने 21 जून को होने वाली री-नीट एक्जाम के पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। अभ्यर्थी नीट की अधिकृत वेबसाइट से इसे अपने लॉगिन क्रेडेंशियल से डाउनलोड कर सकते हैं। एनटीए ने सलाह दी है कि इससे पहले अभ्यर्थियों को रिफंड के लिए अपने बैंक खाते का विवरण सत्यापित कर लें। यदि प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई कठिनाई होती है, तो एनटीए से 011-40759000 या 69227700 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पखारियावास मसूदा घाटा में नजर आया लेपर्ड, वीडियो वायरल

## बाइक सवार ने बनाया वीडियो, ग्रामीण बोले-पहले भी हुए शिकार



**मसूदा।** मसूदा क्षेत्र लेपर्ड की मौजदूगी से ग्रामीणों में दहशत है। पाकरियावास ग्राम पंचायत के मसूदा घाटे में मुख्य सड़क के पास पहाड़ी की तलहटी में लेपर्ड देखा गया। मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार युवकों ने लेपर्ड को अपने मोबाइल में कैद कर लिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने और पैंथर को सुरक्षित पकड़ने की मांग की है। ग्रामीण सलीम ने बताया कि इस क्षेत्र में पहले भी कई बार लेपर्ड और पैंथर की गतिविधियां देखी गई हैं। इन वन्यजीवों ने कई मवेशियों का शिकार किया है जिससे पशुपालकों में लगातार डर बना हुआ है।

### ज्ञान और दक्षता की कसौटी पर खरे उतरे अजमेर डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता

**कासं./अजमेर।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डिस्कॉम) में निगमीय नियमों, कार्यप्रणाली तथा दैनिक तकनीकी गतिविधियों से संबंधित ज्ञान को परखने के उद्देश्य से प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा के निर्देशन में शनिवार को निगम मुख्यालय पर अधिशासी अभियंताओं की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में सभी अधिशासी अभियंता सफल रहे। परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए के.के. बैरवा, अधिशासी अभियंता, ब्यावर, नेमीचंद, अधिशासी अभियंता, कुचामन सिटी तथा बलवंत चौहान, अधिशासी अभियंता, उदयपुर ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रबंध निदेशक वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभियंताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### घी और ग्रेवी के नमूने उठाए

**कासं./अजमेर।** जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत सोमवार को टीम ने एक फर्म के यहां से घी के दो नमूने तथा एक रेस्टोरेंट से ग्रेवी का नमूना उठाया। अजमेर में लाल कोठी केसरगंज स्थित मैसर्स कोठारी मिल्क प्रोडक्ट्स से घी पारस ब्रांड एवं घी सोनाई ब्रांड के दो नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जांच के लिए उठाए गए। इसके अतिरिक्त ब्यावर रोड दौराई स्थित मैसर्स ठिया रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया जहां साफ सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई। इस बाबत धारा 32 का नोटिस दिया गया तथा जांच के लिए ग्रेवी का एक नमूना लिया गया। इनकी रिपोर्ट आने के पश्चात नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सोमवार की इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी केसरी नंदन शर्मा एवं दीपक कुमार शामिल रहे।

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़, जिला-अजमेर (राज.)**
क्रमांक : न.प.कि./नामान्तरण/2026/190 दिनांक : 15.06.2026
**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज पर स्थित इन्द्रा नगर आईडीएसएमटी के (आवासीय भूखण्ड संख्या 149, क्षेत्रफल 137.00 वर्गगज) पर श्री मनमोहन जोशी पुत्र श्री हनुमान प्रसाद जोशी ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार हैं- पूर्व में : भूखण्ड संख्या 150, पश्चिम में : भूखण्ड संख्या 148, उत्तर में : पी एण्ड टी कॉलोनी, दक्षिण में : 30 फीट का रास्ता। अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।
-प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़
DNA 400913

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़, जिला-अजमेर (राज.)**
क्रमांक : न.प.कि./नामान्तरण/2026/194 दिनांक : 15.06.2026
**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 300 पर स्थित लक्ष्मी नगर, कृष्णापुरी के (आवासीय भूखण्ड संख्या 230, क्षेत्रफल 120.00 वर्गगज) पर श्री प्रीतम प्रकाश सोनी पुत्र श्री बाबूलाल सोनी ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार हैं- पूर्व में : यादव जी का मकान, पश्चिम में : श्यामजी खाती व पाराशर जी का मकान, उत्तर में : 20 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में : सिंधी का मकान। अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।
-प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़
DNA 400913

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
झलकारी बाई स्मारक के पास, पंचशील नगर, अजमेर
दूरभाष-0145-2429953 फैक्स-0145-2433813 E-mail - ajmermc@gmail.com, Web.ajmermc.org
क्रमांक : न.नि.अ/राज/क.ब./2025-26/53 दिनांक : 19.11.25
**आपत्ति सूचना**
श्री मिश्री लाल बैरवा पुत्र श्री भागीरथ, निवासी पाल बिचला की चादर, विनय नगर, बैरवा कच्ची बस्ती, अजमेर द्वारा प्रस्तावित स्थल पाल बिचला की चादर, विनय नगर, बैरवा कच्ची बस्ती, अजमेर में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 50.00 वर्गगज है का नगर निगम में कच्ची बस्ती/राजकीय भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित स्थल की सीमाएं निम्नानुसार है-पूर्व-रमेश का मकान, पश्चिम : करोडराम का मकान, उत्तर : रास्ता, दक्षिण : धर्मेश जी का मकान।
अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास आवेदक द्वारा किए गए पट्टे के आवेदन के संबंध मे कोई आक्षेप/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप/आपत्ति नही है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा। -प्रभारी अधिकारी, कच्ची बस्ती शाखा, नगर निगम, अजमेर
DNA 400818

हेतुक दर्शित के लिए सूचना जरिए अखबार साया
शीर्षक
**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पीसांगन, जिला अजमेर**
प्रकरण संख्या /2026
**उगमा बनाम सरकार व अन्य**
प्रेषिति:-
1. काली पत्नी मंगला, 2. कैलाश सिंह पुत्र मंगला, 3. धर्मा पुत्र मंगला, 4. पप्पू सिंह पुत्र मंगला, 5. भागचन्द पुत्र मंगला, 6. सुगनी पुत्री मंगला, 7. ज्ञाना पुत्री मंगला, 8. मनोहरी पत्नी समदर, 9. कानसिंह पुत्र समदर, 10. रघुवीर सिंह पुत्र समदर, 11. पूजा पुत्री समदर, 12. माया पुत्री समदर, 13. गोपाल सिंह पुत्र भैरू, 14. नेमीचन्द पुत्र भैरू, 15. सुरमा पत्नी तेजू, 16. गोरी पुत्री तेजू, 17. युवराज पुत्र तेजू, 18. छगना पुत्र राजू, 19. भोलू पुत्र राजू, 20. छोटी पत्नी दल्ला, 21. लक्ष्मण सिंह पुत्र दल्ला (फौत जरिए वारिसान) 21/1 मीरा पत्नी लक्ष्मण सिंह, 21/2 महेन्द्र पुत्र लक्ष्मण सिंह, 21/3, ज्ञानसिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, 21/4 मोहनी पुत्री लक्ष्मण सिंह, 22. मतिया पत्नी महावीर, 23. बलवीर पुत्र महावीर, 24. ललीता पुत्री महावीर, समस्त जाति रावत, निवासी सवाईपुरा, तहसील पीसांगन, जिला अजमेर, 25. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पुष्कर, तहसील पुष्कर जिला अजमेर, 26. यूको बैंक शाखा पुष्कर, तहसील पुष्कर, जिला अजमेर, 27. यूको बैंक शाखा पुष्कर, तहसील पुष्कर, जिला अजमेर। आपको सूचित किया जाता है कि आप आवेदन के विरुद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 14.07.2026 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एवं निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 02.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर पीसांगन
DNA400863

**उठावना**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे भाई
**श्री त्रिलोक चंद अग्रवाल**
का देवलोकगमन दिनांक 14.06.2026 को हो गया है। जिनका उठावना दिनांक 16.06.2026 मंगलवार को निवास स्थान मधुवन, पहाड़ गंज अजमेर में शाम 5:30 से 6 बजे तक रखा गया है।
शोकाकुल:- भागचंद गर्ग, निर्मलचंद, रमेश, महेश, मुकेश (भाई) श्रीमति सुमन अग्रवाल (पत्नी) तरुण अग्रवाल (पुत्र) प्रवीण, अनूप, शैलेंद्र, हिमांशु, सुधांशु, अक्षय, हर्ष (भतीजे) मधु- मुकेश जी (बहन- बहनोई) मेघा- साहिल, हर्षिता- अंकित (पुत्री- दामाद) एवं समस्त गर्ग परिवार।
नोट- ससुराल पक्ष की बैठक भी साथ में ही रखी गई है।
DNA 400871

**नेत्रदान महादान**



नेत्रदानी का चेहरा बिल्कुल विकृत नहीं होता है।
सम्पर्क करें
9928911778, 9352007224
9829033692, 9829072567

अब हर दुखद घड़ी में नवज्योति है आपके साथ
**उठावना / शोक संदेश एवं पुण्यतिथि**
विज्ञापन बुक कराएं
उठावना, तीये की बैठक, शोक संदेश व पुण्यतिथि
5×4 रंगीन वर्ग से.मी. 1000/-
5×8 रंगीन वर्ग से.मी. 2400/-
डिस्प्ले दर : 50/- ब्लैक एण्ड व्हाइट, 60/- कलर
* 5% GST अतिरिक्त
बुकिंग काउंटर (अजमेर)
मदारगेट : 9829072675, 9413908025,
नया बाजार : 9828053244, 8209730369
न्यू मैजेस्टिक सिनेमा रोड : 9829555953
फॉयसागर रोड : 8239968084
रामनगर पुष्कर रोड : 7688997213
पाल बीचला : 9828586372
शास्त्रीनगर : 8118845933
दैनिक नवज्योति विज्ञापन विभाग, अजमेर
2426636, 2627973, 2429516

# 2500 रुपए में मिलेगी 250 वर्गमीटर तक के भूखंडों पर निर्माण की स्वीकृति

## शहरी सेवा शिविर-2026 में आमजन को समस्याओं से राहत देने के स्पष्ट आदेश

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग ने शहरी सेवा शिविर-2026 से संबंधित पूर्व में जारी आदेशों के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किए हैं। विभाग ने विभिन्न संस्थाओं और आमजन की ओर से मांगे गए मार्गदर्शन के बाद यह स्पष्ट किया है कि शिविरों के दौरान भवन निर्माण स्वीकृति, कॉलोनी नियमन, टाउनशिप अनुमोदन तथा ईडब्ल्यूएस-एलआईजी आवंटनों से जुड़े मामलों में किस प्रकार राहत और कार्रवाई की जाएगी।

**नियमन एवं ले-आउट अनुमोदन की कार्रवाई:** जारी स्पष्टीकरण के अनुसार परिधि नियंत्रण पट्टी में कृषि भूमि पर पूर्व में विकसित आवासीय योजनाओं में, जहां डीपीसीआर के अनुसार भू-उपयोग अनुमेय है, वहां नियमन एवं ले-आउट अनुमोदन की कार्रवाई निर्धारित प्रावधानों के तहत की जाएगी। विभाग ने भवन निर्माण स्वीकृति शुल्क को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की है।

शहरी सेवा शिविर-2026 के दौरान 250 वर्गमीटर तक के भूखंडों के लिए भवन निर्माण स्वीकृति शुल्क 2500 रुपए निर्धारित किया गया है, जबकि 251 से 500 वर्गमीटर तक के भूखंडों के लिए आवेदन, जांच एवं अनुमोदन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

### प्रीमियम एवं विकास शुल्क में छूट

इसके अलावा 31 दिसंबर 2021 से पूर्व बसी कॉलोनियों के स्वप्रेरणा से अनुमोदन पर प्रीमियम एवं विकास शुल्क में दी गई छूट की गणना टाउनशिप पॉलिसी-2024 की निर्धारित दरों के अनुसार की जाएगी। वहीं नई टाउनशिप पॉलिसी-2024 लागू होने से पहले 90-ए की कार्रवाई वाले मामलों में ले-आउट अनुमोदन पुरानी टाउनशिप पॉलिसी-2010 के अनुसार होगा, लेकिन शुल्क टाउनशिप पॉलिसी-2024 की दरों से लिया जाएगा।

### प्रमुख राहतें एक नजर में

- 250 वर्गमीटर तक के भूखंडों के लिए भवन निर्माण स्वीकृति शुल्क मात्र 2500 रुपए।
- 251 से 500 वर्गमीटर तक के भूखंडों पर आवेदन, जांच एवं अनुमोदन शुल्क में 50 फीसदी छूट।
- बेटरमेंट लेवी, पार्किंग शुल्क, वृक्षारोपण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग शुल्क में कोई छूट नहीं।
- 31 दिसंबर 2021 से पहले बसी कॉलोनियों के नियमन में टाउनशिप पॉलिसी-2024 के अनुसार शुल्क गणना।

## इंबोला संदिग्ध युवक के सैंपल जांच के लिए पुणे भेजे

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** कांगो से दो दिन पहले बायतू लौटे 22 वर्षीय युवक में इबोला जैसे लक्षण मिलने के बाद उसे रविवार देर रात जयपुर के आरयूएचएस अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार युवक कांगो से इथियोपिया होते हुए मुंबई एयरपोर्ट पहुंचा और वहां से जोधपुर होते हुए अपने गांव आया था। गांव पहुंचने के बाद उसे बुखार और अन्य स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें हुईं। स्थानीय अस्पताल में जांच के दौरान युवक ने हालही में कांगो से लौटने की जानकारी दी, जिस पर चिकित्सकों ने उसे इबोला संदिग्ध मानते हुए तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचना दी। चिकित्सा विभाग के निर्देश पर युवक को विशेष प्रोटोकॉल के तहत जयपुर रेफर किया गया। आरयूएचएस प्राचार्य डॉ. मोहनीश ग्रोवर ने बताया कि देर रात इबोला संदिग्ध मरीज को पूरी सावधानी और संक्रमण नियंत्रण मानकों का पालन करते हुए आरयूएचएस लाया गया, जहां उसे आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर निगरानी में रखा गया है। युवक के सैंपल सोमवार को पुणे स्थित एनआईवी लैब भेजे गए हैं।

## कोटा में राहुल गांधी का छात्र संवाद कल

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** देश में पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं, परीक्षा प्रणाली में अनियमितताओं और बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी 17 जून से राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत करने जा रही है। अभियान का आगाज नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कोटा के दशहरा मैदान स्थित श्रीराम रंगमंच में आयोजित छात्र संवाद कार्यक्रम से करेंगे। शाम 6 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में राहुल गांधी छात्रों और युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा रोजगार, शिक्षा और भर्ती परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे।कार्यक्रम को लेकर राजस्थान कांग्रेस ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

अतिक्रमण हटाने पर भड़के ग्रामीण

## थाने पर पथराव एएसआई समेत सात पुलिसकर्मी घायल

### वन विभाग का सरकारी वाहन, पुलिसकर्मी की निजी कार में तोड़फोड़

**नवज्योति/कोटा।** अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग की टीम को खदेड़ने के बाद मामला दर्ज कराने थाने पहुंची वन विभाग की टीम पर ही नहीं रानपुर थाने पर हग्रामीणों की भीड़ ने पथराव कर दिया। अमर कुआं



में रविवार को अतिक्रमण करने वालों को खदड़ने गए वन विभाग कर्मचारियों पर अन्य लोगों के साथ आरोपियों ने पत्थर, डण्डों व लोहे के पाइपों से हमला किया था और वाहनों में तोड़फोड़ की। मामले में वनकर्मी एवं नाका प्रभारी नाका डोलिया टीम के साथ पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराने गए थे। इस बीच ग्रामीण दो वाहनों में भर कर थाने पर आ गए और पथराव कर दिया। इस घटना में एएसआई सतीश, संजय, सुनिल, वीरेन्द्र, कुलदीप, विश्वेन्द्र कांस्टेबल व जोधराज व सुनिल कुमार वन रक्षक घायल हो गए। सीओ मनीष शर्मा ने बताया कि रविवार को रानपुर थाना क्षेत्र के गांव अमर का कुआ में वन रक्षक सुनील कुमार टीम के साथ अतिक्रमणकारियों को खदेड़ने के लिए गए थे। उसी समय वहां पर करीब 30-35 ग्रामीण हाथों में डंडा लोहे के सरिया लेकर आए। हमलावरों ने वहां पर जमकर उत्पात मचाया और टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान वह अपनी जान बचाकर वहां से रविवार शाम को ही करीब तीन बजे पुलिस थाने आए तो ग्रामीण भी वाहनों में बैठकर थाने आ गए और थाने पर जमकर हंगामा किया। उग्र हमलावरों ने पत्थर, डण्डों एवं लोहे के पाइपों से हमला हमले के साथ थाने पर पथराव कर दिया।

## व्यापारी की हत्या कर कार की डिक्की में छुपाया शव

**जयपुर।** शिवदासपुरा इलाके के एक बिल्डिंग मटेरियल कारोबारी की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो दिन से लापता व्यापारी का शव सोमवार सुबह सड़क किनारे खड़ी कार की डिक्की में बोरे और प्लास्टिक में बंधा मिला। पुलिस ने हत्या के आरोप में कारोबारी के दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 40 वर्षीय हरिशंकर शर्मा निवासी विधानी, शिवदासपुरा के रूप में हुई है। वह बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई का व्यवसाय करते थे। शनिवार सुबह घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटे। शाम करीब सात बजे से उनका मोबाइल बंद आने लगा। काफी तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने शिवदासपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। मृतक के भाई प्रहलाद शर्मा ने आरोप लगाया कि हरिशंकर ने अपने मित्र सीताराम खोज को बिल्डिंग मटेरियल और अन्य कार्यों के लिए करीब एक करोड़ रुपए उधार दिए थे। रुपए लौटाने के बजाय आरोपी प्लॉट का सौदा करने की बात कर रहा था। लंबे समय से पैसों को लेकर दोनों के बीच विवाद था। आरोप है कि विवाद के चलते सीताराम ने हरिशंकर की हत्या कर दी।

## एमडी ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ी, तीन गिरफ्तार

### 36 किलो तैयार माल जब्त, कीमत 72 करोड़, 50 करोड़ का रॉ मटीरियल भी मिला

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, भीलवाड़ा।** बिजौलियां थाना क्षेत्र के चंपापुर इलाके में एक सुनसान, निर्माणाधीन मकान में चल रही हाईटेक एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने मौके से 122 करोड़ रुपए की ड्रग्स और केमिकल जब्त किया है। फैक्ट्री में बडी-बड़ी थालियों और बोतलों में केमिकल भरकर ड्रग्स बनाने का प्रोसेस चल रहा था। मौके से पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी (मुख्यालय) पारस जैन ने बताया कि चंपापुर इलाके में नशीले पदार्थों के निर्माण की पुख्ता सूचना मिलने पर दबिश दी। मौके से तैयार माल 36 किलो एमडी ड्रग्स बरामद की। जिसकी अनुमानित कीमत 72 करोड़ रूपये आंकी गई है। साथ ही मौके से अन्य रॉ-मटीरियल करीब 50 करोड़ का कच्चा माल की बरामद



किया गया है। पुलिस ने मौके से गिरोह के मास्टर माइंड वीरेन्द्र पुत्र हजारीलाल बाछड़ा (51) निवासी डोडिया-मीणा थाना यशोधरमन नगर जिला मंदसौर, मध्य प्रदेश के साथ ही, बहादुर सिंह पुत्र गोरू बंजारा (43) निवासी खेड़ी दायमा थाना मनासा जिला नीमच (मध्यप्रदेश) व बबलू पुत्र श्यामलाल बंजारा (30) निवासी भोपतपुरा थाना बिजौलिया (भीलवाड़ा) को गिरफ्तार किया गया है। मकान गिरफ्तार आरोपी बबलू के रिश्तेदार भंवरलाल बंजारा का है। आरोपियों ने मकान मालिक को एक लाख रुपए की अलग राशि दी थी ताकि वे अपना काम आसानी से कर सके और किसी को भनक न लग पाये।

## इस्लामपुर का नाम बदलने के विरोध में 22 किमी पैदल मार्च

### कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन, तेज गर्मी के चलते पूर्व मंत्री गुढ़ा की तबीयत बिगड़ी, जमीन पर गिरे

**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, झुंझुनूं।** ग्राम इस्लामपुर का नाम बदलने की प्रक्रिया के विरोध में पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा के नेतृत्व में ग्राम इस्लामपुर से झुंझुनूं कलक्ट्रेट तक करीब 22 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च निकाला गया। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान तेज गर्मी और लगभग 45 डिग्री तापमान के चलते राजेंद्र गुढ़ा की तबीयत बिगड़ गई। वे प्रदर्शन स्थल पर ही लेट गए। इस दौरान मौजूद लोगों ने तौलियों से



हवा कर उन्हें राहत पहुंचाई। गुढ़ा ने कहा कि शेखावाटी में सदियों से सभी समुदाय भाईचारे के साथ रहते आए हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज कोई बाहरी नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की साझा विरासत का हिस्सा है। उन्होंने चेतावनी दी कि गांव की ऐतिहासिकपहचान और सांप्रदायिक सौहार्द को किसी भी कीमत पर समाप्त नहीं होने दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विधायक राजेंद्र भांबू ने इस्लामपुर का नाम बदलकर श्रीरामपुर करने के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री को सिफा रिश भेजी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने जिला प्रशासन से रिपोर्ट और फीडबैक मांगा था। प्रशासनिक प्रक्रिगया शुरू होने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने विरोध आंदोलन शुरू कर दिया

## अमेरिका में हुआ राजस्थान फाउंडेशन के न्यूयॉर्क चैप्टर का उद्घाटन

**नवज्योति, जयपुर।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर का उद्घाटन किया गया।



मैनहटन के होटल उत्सव में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में अमेरिका में निवासरत राजस्थानी प्रवासी परिवारों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी के देवरिया से सांसद शशांक मणि त्रिपाठी और राजस्थान फाउंडेशन के प्रवासी कॉर्डिनेटर नवनीत राजपुरोहित शामिल हुए। चैप्टर प्रेसिडेंट डॉ.पूर्णिमा वोरिया ने बताया कि अमेरिका में राजस्थानी प्रवासी बहुत अधिक संख्या में विभिन्न उद्योग, व्यवसाय एवं आईटी प्रोफेशनल आदि से जुड़े हुए हैं। इन सभी प्रवासियों के लिए राजस्थान फाउंडेशन कमिश्नर मनीषा अरोड़ा के साथ समन्वय बनाकर आगे कार्य करेंगे। न्यूयॉर्क चैप्टर की नव गठित कार्यकारिणी में उद्योगपति हरिदास कोटावाला, कैलाश रावत, कैलाश झालानी, डॉ.समीन शर्मा, डॉ.सशी शाह, नवीन शाह शामिल हैं।

## एसआई भर्ती परीक्षा, 2021 पेपर लीक मामले में पेपर पढ़ाने वाला मास्टरमाइंड का भाई गिरफ्तार

**ब्यरो/ नवज्योति, जयपुर।** एसओजी ने सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक प्रकरण में पेपर लीक सरगना हर्षवर्धन मीणा के भाई पुष्पेंद्र कुमार मीणा (34) निवासी सालेमपुर महवा दौसा वर्तमान में गोविंद वाटिका आगरा रोड दौसा को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने परीक्षा से पहले अभ्यर्थी को लीक हुआ सॉल्व्ड पेपर पढ़ाया था। एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि पेपर लीक सरगना हर्षवर्धन मीणा ने स्वरूपचंद मीणा से 45 लाख रुपए में सौदा कर उसके पुत्र बृजेश कुमार मीणा को परीक्षा से पहले अपने भाई पुष्पेंद्र कुमार मीणा के माध्यम से लीक हुआ सॉल्व्ड पेपर पढ़वाया था। यह हुआ खुलासा - बृजेश को लिखित परीक्षा में हिंदी विषय में 200 में से 116.23 अंक तथा सामान्य ज्ञान में 200 में से 126.01 अंक प्राप्त हुए, जिससे वह लिखित परीक्षा में सफल हो गया हालांकि बाद में शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) में असफल रहने के कारण उसका अंतिम चयन नहीं हो सका। बृजेश की लिखित परीक्षा 15 सितंबर 2021 को अजमेर में आयोजित हुई थी। एसओजी ने बृजेश को 11 जून 2026 को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई करते हुए 14 जून 2026 को पुष्पेंद्र को गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय में पेश कर 18 जून 2026 तक पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि पुष्पेंद्र पूर्व में दौसा में फायरमैन चालक के पद पर तैनात रह चुका है। उसके खिलाफ पहले से भी एक मामला दर्ज है, जिसमें राजस्व अधिकारी ग्रेड-2 एवं अधिशासी अधिकारी ग्रेड-4 (ईओ-आरओ) भर्ती परीक्षाः 2022 में जन्मतिथि में हेरफेर कर अपने स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को डमी अभ्यर्थी बनाकर परीक्षा दिलाने का आरोप है। इस संबंध में अजमेर के सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज है। पेपर लीक मामले में अब तक 146 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## अब एटीएस से ही बनेंगे फिटनेस प्रमाण पत्र

**नवज्योति, जयपुर।** वाहन फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के लिए केंद्र सरकार ने केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए हैं। परिवहन मुख्यालय ने भी राज्य के सभी आरटीओ और डीटीओ कार्यालयों को संशोधित प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। नए नियमों के अनुसार अब वाहन फिटनेस प्रमाण पत्र केवल अधिकृत ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) के माध्यम से ही जारी किए जाएंगे।

## बूंदी में तीन फॉरेस्ट गार्ड और ग्राम विकास अधिकारी ट्रैप

**बूंदी।** एसीबी की कोटा इकाई ने सोमवार को बूंदी जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए वन विभाग के तीन फॉरेस्ट गार्डों को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्तता के संदेह पर एक अन्य फॉरेस्ट गार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसीबी के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि आरोपियों में रूपाराम, रामावतार एवं विजेन्द्र (सभी फॉरेस्ट गार्ड) शामिल हैं, जबकि साबूलाल को लक्ष्मीपुरा चौकी से डिटेन किया गया है। प्रकरण के अनुसार परिवादी बूंदी के ग्राम लक्ष्मीपुरा में अपनी जेसीबी मशीन से खेत सुधार एवं खाद डालने का कार्य कर रहा था। आरोपियों ने 10 जून को जेसीबी चलाने की अनुमति देने के बदले 1 लाख रुपए प्रति माह की रिश्वत (बंधी) की मांग की थी तथा न देने पर मशीन जब्त करने की धमकी दी जा रही थी। टीम ने बरदा डेम स्थित वन विभाग चौकी पर जाल बिछाकर तीनों आरोपियों को परिवादी से 10 हजार रुपये लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

### 50 हजार की लेते ग्राम विकास अधिकारी पकड़ा

**नवज्योति, बूंदी।** एसीबी ने ग्राम विकास अधिकारी मुकेश बैरवा को परिवादी से बकाया बिलों को पास करने के एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

*कर्मचारियों की सतर्कता से टला हादसा, स्टेशन मास्टर समेत 3 प्वाइंटमैन डयूटी से हटाए*

## लाखेरी स्टेशन पर सिग्नल फेल, खुले प्वाइंट पर हो गई जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस रवाना



**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, लाखेरी।** लाखेरी रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह रेलवे संचालन के दौरान गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया, जिसमें जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस (12181) खुले प्वाइंट पर ही आगे रवाना हो गई। हालांकि ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की सतर्कता के चलते समय रहते ट्रेन को रोक लिया गया, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार स्टेशन पर सिग्नल सिस्टम में तकनीकी खराबी के चलते ट्रेनों का संचालन मैन्युअल प्रणाली से किया जा रहा था। इसी दौरान सुबह करीब 8:20 बजे पहुंची दयोदय एक्सप्रेस को सुरक्षित रूप से प्लेटफॉर्म पर लिया गया था, लेकिन अगले प्वाइंट को क्लैंप करने की प्रक्रिया पूरी किए बिना ही ट्रेन को आगे बढ़ने की अनुमति दे दी गई। इसी बीच ड्यूटी पर मौजूद जमादार रविंद्र पाल की नजर खुले प्वाइंट पर पड़ी। उन्होंने तत्काल हाथ के संकेत देकर लोको पायलट को ट्रेन रोकने का इशारा किया। वहीं पॉइंट्समैन ने भी लाल झंडी दिखाकर स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया। लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए ब्रेक लगाकर ट्रेन को कुछ दूरी पर रोक दिया। रेलवे सूत्रों के अनुसार यदि ट्रेन कुछ आगे बढ़ जाती तो उसके पटरी से उतरने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था। घटना के बाद तकनीकी जांच और सुरक्षा व्यवस्था के चलते ट्रेन लगभग 25 मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रही। सूचना मिलते ही कोटा मंडल के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें अपर मंडल रेल प्रबंधक सहित संरक्षा, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं परिचालन विभाग के अधिकारियों ने मौका निरीक्षण किया।

### उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित

रेल प्रशासन ने मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है, जो तकनीकी खराबी और मानवीय त्रुटि दोनों पहलुओं की जांच करेगी। प्रारंभिक कार्रवाई में स्टेशन मास्टर मुकेश मीणा, पॉइंट्समैन रामअवतार मीणा, मोहम्मद सिराज और निर्भय सिंह को ड्यूटी से हटा दिया गया है।

## बिहार-बंगाल से लाए जा रहे 10 बच्चे मुक्त, 5 तस्कर गिरफ्तार

**नवज्योति, जयपुर।** राजधानी जयपुर में बाल तस्करी और बाल श्रम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ, प्रयास जेएसी सोसायटी और जीआरपी ने संयुक्त अभियान चलाकर 10 नाबालिग बच्चों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। बच्चों को बिहार और पश्चिम बंगाल से जयपुर लाकर विभिन्न कारखानों और गोदामों में मजदूरी कराने की तैयारी थी।

मामले में पुलिस ने पांच मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस से बच्चों को जयपुर लाए जाने की सूचना मिलने पर गांधीनगर और खातीपुरा रेलवे स्टेशन के बीच सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

**बच्चों की आयु 12 से 16 वर्ष**

ट्रेन के जनरल और स्लीपर कोचों की तलाशी के दौरान 12 से 16 वर्ष आयु के 10 बच्चों को बरामद किया गया। इनमें आठ बच्चे बिहार के पूर्णिया जिले तथा दो बच्चे पश्चिम बंगाल के निवासी हैं। जीआरपी ने मौके से मो. सुल्तान, शहनवाज, मो. अंसार, मो. नसीम अख्तर और नीरज हांसदा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मानव तस्करी समेत विभिन्न धाराओं में जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला आगे की जांच के लिए जीआरपी बांदीकुई को स्थानांतरित कर दिया है।

**मजदूरी का लालच देकर लाए बच्चों को**

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि बच्चों को जयपुर के किशनपोल और शास्त्री नगर क्षेत्रों में संचालित सिलाई एवं गोटा-पत्ती वर्कशॉप में 7 से 8 हजार रुपए मासिक मजदूरी का लालच देकर काम पर लगाने की योजना थी। बाल कल्याण समिति के निर्देश पर सभी बच्चों को सुरक्षित शेल्टर होम भेज दिया गया है।

## पानी पर सियासत गरम: शेखावत का गहलोत पर सबसे बड़ा हमला

### "राजस्थान की प्यास के जिम्मेदार अशोक गहलोत", पूर्व सीएम पर षड्यंत्र और विकास रोकने के लगाए आरोप

**जोधपुर।** राजस्थान में गहराते पेयजल संकट के बीच सियासत भी उबाल पर पहुंच गई है। जोधपुर के जल संकट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राज्य सरकार पर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को बड़ा राजनीतिक पलटवार किया। शेखावत ने कहा कि राजस्थान और विशेष रूप से जोधपुर में पेयजल संकट की स्थिति के लिए यदि कोई जिम्मेदार है तो वह पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गहलोत सरकार की नीतियों ने जल योजनाओं को नुकसान पहुंचाया और जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करने पर मजबूर किया। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में शेखावत ने कहा कि जब वे केंद्रीय जलशक्ति मंत्री थे, तब राजस्थान को देश में सबसे अधिक संसाधन और परियोजनाएं उपलब्ध कराई गईं, लेकिन राज्य सरकार ने उन योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को भी भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ा दिया गया, जिसका खामियाजा आज आम जनता भुगत रही है।

शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री के उस पुराने आरोप पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें गहलोत ने अपनी सरकार गिराने की साजिश रचे जाने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे किसी षड्यंत्र का प्रमाण है तो सार्वजनिक किया जाना चाहिए।


# वर्गीकृत विज्ञापन

**आवश्यकता**

हलवाई की दुकान पर काम के लिए अजमेर निवासी हैल्पर चाहिए। भूतिया हलवाई, अजमेर, मो. 9784472149.

Kshetrapal Eye Hospital & LASIK Laser Centre, Kutchery Road, Ajmer requires: Front/ Back Office Executives (2), Lab Technician (1), Qualified Nursing Staff (2), Ward Boy/Lady cum Housekeeping Staff (2). Interested candidates may send their biodata. to kehajmer@gmail.com or WhatsApp No. 7728020236 / 9001094094.

हैल्पर जो खाती का काम सीखना चाहता हो। काम सिखाने की गारंटी, वेतन 250 रु. रोज दिया जाएगा। हैल्पर सीखने के इच्छुक मिलें- अजय फर्नीचर, जौसगंज, अजमेर, मो. 8209556861.

आप सबके लिए समान अवसर विद्यार्थी, गृहणी बेरोजगार बिना लागत (नाम मात्र) बचत इनकम पूरे भारत अजमेर से रजिस्टर्ड कम्पनी में केरियर बनाएं। व्यापार करें - व्यक्तिगत मिलें - 7610855930.




एक महिला घरेलु कार्य हेतु जो घर पर रहकर समस्त कार्य कर सके। उचित वेतन दिया जाएगा। शीघ्र सम्पर्क करें- मो.- 9983399831.

पान, टॉफी, पेक करने हेतु हैल्पर चाहिए। कार्य समय सुबह 9 से 6 बजे तक। घरेलु महिलाएं सम्पर्क करें- मो.- 8698093220.

**शैक्षणिक**

प्रवेश प्रारम्भ मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग 10वीं, 12वीं, बीए, एमए, बीकॉम, बीएससी आईटीआई बीएड, एमबीए। व्यवसायिक शिक्षण संस्थान, गौतम स्कूल, हाथीभाटा, अजमेर। फोन 2431863, मो. 9413040790.

राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के द्वारा जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स करें और पाएं साथ में जॉब प्रमाण-पत्र, अवधि 3 माह, फ्री हॉस्टल सुविधाएं। मो. 9256746617.

**बिकाऊ**

नागफणी में अम्बा नगर में 343 गज का मकान बिकाऊ है व कोटेश्वर में 147 गज का प्लॉट बिकाऊ है। सम्पर्क करें- मो. 9231097009.

**किराये हेतु**

एक बड़ा हॉल, एक बड़ा बैडरूम, किचन, लैटबॉथ, गैलेरी, सैपरेट पोर्शन, ग्राउण्ड फ्लोर, गार्डन, पार्किंग, फुल क्रॉस वेन्टिलेशन, कृषि विभाग के सामने, द्वारका नगर, गली नं. 2, चौरसियावास रोड, अजमेर। मो. 7597001144, 9413395970.

वैशाली, शास्त्री, एलआईसी., सिनेवर्ल्ड, पंचशील अन्य पॉश एरिया में मकान, दुकान, फ्लैट, शोरून, ऑफिस, रेस्टोरेन्ट किराए पर लेने के लिए सम्पर्क करें- मुकेश- मो. 9829285111.

अजमेर में किसी भी पॉश एरिया में 2-3 बैडरूम का मकान या फ्लैट फैमिली के लिए किराये पर तुरन्त चाहिए। मो. 9829285111.

**नाम परिवर्तन**

✓ मैने अपना नाम सुरेश धाकड़ से बदलकर सुमरनदास त्यागी रख लिया है। भविष्य में मुझे समस्त उद्देश्यों हेतु इसी नाम से जाना जाए। हनुमान मंदिर, दौराई, अजमेर। डीएनए-400847

✓ मैंने अपना नाम कान दास दादुपथी (KAN DAS DADUPATHI) से बदलकर कानदास ओंकार दादूपंथी (KAANDAAS ONKAR DADUPATHI) रख लिया है। अत: भविष्य में सभी उद्देश्यों हेतु मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाए। पता- कानदास ओंकार दादूपंथी, निवासी- मानक चौक, सरवाड़, अजमेर (राज.)- 305403. डीएनए-400845

✓ मैने अपनी पुत्री का नाम बिट्टू रावत की जगह उर्वी रावत रख लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यों की पूर्ति हेतु उसे उर्वी रावत पुत्री श्री मेवा सिंह रावत के नाम से जाना-पहचाना जाए। पता- चर्च के पास, हाथीखेड़ा, फॉयसागर रोड, अजमेर। डीएनए-400809

✓ I, RAKESH DIDWANIA S/o. KISHAN PRAKASH DIDWANIA, RESIDENT OF K-20, ANASAGAR CIRCULAR ROAD, KRISHANGNJ, NEAR SHIV MANDIR, AJMER (RAJ.). I HAVE CHANGED MY NAME TO RAKESH DEEDWANIA S/o. KISHAN PRAKASH DIDWANIA WITH IMMEDIATE EFFECT. I MAY NOW BE KNOWN AS RAKESH DEEDWANIA. DNA 400826.

**सीखिये**

सीखिए फ्रिज व एसी रिपेयरिंग व सर्विस का कार्य गारंटी के साथ और कमाएं हजारों रुपए महिना, कम समय का कोर्स, अजमेर। मो.नं.- 9251799233.

**चिकित्सा**

सभी प्रकार की शक्तिहिनता, शरीर दर्द, गाटें, पित्त/गुर्दापथरी, पुराना चर्मरोग, गंजापन, बांझपन स्त्री/पुरुष, पीरियड समस्या, सफेद पानी समस्या, साइटिका, स्लीपडिस्क सभी ईलाज गारंटी से। सम्पर्क करें- श्री स्वामी क्लिनिक, अजमेर। मो.- 7597952945.

**उपलब्ध / विविध**

हॉस्टल उपलब्ध। अजमेर शहर में कक्षा 4 से 12वीं तक के छात्रों के लिए विद्यालय में उच्च स्तरीय हॉस्टल की व्यवस्था उपलब्ध है। सावन स्कूल, पुष्कर रोड, कोटड़ा, अजमेर। मिलने का समय- प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक। फोन करें- 9828528146.

टायर टू व्हीलर के कम दामों पर सभी सम्पनी के सभी साइज केवल ग्राहक के लिए, सुपर टायर्स (रजि.) होटल महक के सामने, बापु नगर।

हमारे यहां फटे-पुराने, जले हुए सभी प्रकार के नोट बदले जाते है। विजय बेकरी, न्यू मजिस्टिक मॉल के सामने, अजमेर।

अपने आरओ को बदलें MINRIVER AIRALINE WATER से शुद्धता संतुलित और हर घूंट में सेहत 100 प्रतिशत गारंटी के साथ आज ही अपना डायमन्ड पैक बुक करें- मो.- 7597952945, 9828053508, 7527020303.

**वर चाहिए**

सिन्धी मांगलिक अतिसुन्दर लड़की नसीराबाद, निवासी गृहकार्य में दक्ष, 35 एमकॉम, 5'5" प्राईवेट जॉब में अजमेर निवासी 24 12वीं 5'3" विवाह शीघ्र। सम्पर्क करें - मोबाइल नम्बर - 9983874069.

**वधू चाहिए**

21 से 54 वर्ष सिन्धी वर हेतु सिन्धी वधुएं चाहिए। सम्पर्क करें- दीपक कुमार, सिन्धी मन्दिर के पीछे, आदर्शनगर, बालूपुरा, अजमेर। मो.- 9261149418.

**मैरिज ब्यूरो**

Sindhi only for Sindhi Parposas all over India abroads also as per choice statas. Hariom, Agara Gate, Near Old Prabhat Cinema Gali, Petrol Pump, Ajmer.- Mob.-9829423611.

**पाठकों को परामर्श**

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्यवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'दैनिक नवज्योति' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सफाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार -पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

## तैयारियां



दरगाह परिसर में मोहर्रम को लेकर रंगाई-पुताई का काम जारी है।

## इधर, सुरक्षा की अनदेखी



दरगाह के नजदीक ही रेस्टोरेंट्स के बाहर आम रास्ते पर भट्टियां लगाकर जायरीन की जान जोखिम में डाली जा रही है।

-नवज्योति

# चांद दिखा तो शुरू होंगे मोहर्रम के कार्यक्रम

**कासं/अजमेर।** जिलहिज महीना की चांदरात होने से मंगलवार की शाम मोहर्रम महीने का चांद दिखने की उम्मीद है। हिलाल कमेटी ने यदि चांद दिखने का ऐलान किया तो मोहर्रम की रस्में शुरु हो जाएंगी अन्यथा गुरुवार से मोहर्रम के कार्यक्रम शुरु होंगे। चांदरात होने के कारण मुस्लिम समुदाय में मौहर्रम का शोक शुरु हो जाएगा।

दरगाह कमेटी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को चांदरात होने के कारण सुबह से मुस्लिम परिवार में शोक शुरु हो जाएगा। शाम को हिलाल कमेटी की बैठक में यादि चांद दिखने की पुष्टि की गई तो मोहर्रम महीना का कार्यक्रम शुरु हो जाएगा। चांद नहीं दिखने पर मोहर्रम के सभी कार्यक्रम मंगलवार की शाम से शुरु होंगे।

### कव्वाली बंद

चांदरात होने के कारण सुबह से ही ख्वाजा साहब की दरगाह में रोजाना होने वाली कव्वालियां मोहर्रम महीने की 12 तारीख बंद रहेंगी।

### घरों पर काला झंडा लगाएंगे शिया मुस्लिम

दरगाह हजरत मीरां साहब तारागढ़ प्रबंध कमेटी सदस्य सैयद हफीज अली एवं राजस्थान शिया महासभा के सैयद आसिफ अली ने बताया कि चांदरात होने के कारण शिया मुस्लिम परिवारों में सुबह से ही दो महीने आठ दिनों का शोक शुरु हो जाएगा। शिया मुस्लिम परिवार अपने घरों पर काला झंडा लगाकर शोका कुल होने का संदेश देंगे।

### बोहरा समाज का मौहर्रम आज से

दाउदी बोहरा समाज के मौहम्मद भाई बोहरा के अनुसार इस्लामिक कैलेण्डर के अनुसार मोहर्रम मंगलवार को शुरु हो गया है। जिससे समाज के लोगों ने दस दिनों के लिए न केवल अपना कारोबार बल्कि मोबाइल फोन तक बंद कर दिया है। समाज अपने तौर तरीकों से मोहर्रम के कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

### चांद दिखते शुरु होगा नया साल

मोहर्रम महीने का चांद दिखते ही नई इस्लामिक कैलेण्डर का नया साल शुरु हो जाएगा। मोहर्रम गम का महीना होने से मुस्लिम एक-दूसरे को नये साल की मुबारकवाद नहीं देंगे।

# मोहर्रम : चांदरात आज, ख्वाजा साहब की दरगाह, तारागढ़ और दौराई में धुलेगी इमाम हुसैन की चौकी

**कासं/अजमेर।** इस्लामिक कैलेण्डर के अनुसार जिल हिज महीने की 29 तारीख होने से मंगलवार को चांद रात है। इस अवसर पर ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह, तारागढ़ की हजरत मीरां साहब की दरगाह और दौराई में हजरत इमाम हुसैन की चौकी धोने की रस्म अदा की जाएगी। इसी शाम चांद दिखने की उम्मीद होने के कारण सुबह से ही मुस्लिम परिवारों में मोहर्रम महीने का गम शुरू हो जाएगा।

मौरूसी अमला के बावर्चीयान मुजफ्फर भारती के अनुसार चांदरात होने से लंगरखाना में पारंपरिक तरीके से चांदी के ताजिया रखे जाएंगे। इसके लिए झालरा के पानी से चौकी धोने की रस्म अदा की जाएगी। जिसे हजरत इमाम हुसैन की चौकी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि इसके बाद ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में पेश की गई चादर को चौकी में लच्छे से बांधकर दरगाह कमेटी के गरीब नवाज गेस्ट हाउस परिसर में शाम चार बजे रखा जाएगा। इसके बाद से अकीदतमंद चौकी की जियारत करने आना शुरू हो जाएंगे। इसके बाद ख्वाजा साहब की दरगाह के खुद्दाम अस्र की नमाज के मर्सिया पढ़ते चौकी को अदब के साथ जुलूस के रूप में लंगर खाना लेकर आएंगे। यहां सलाम पेश करने के बाद चौकी पर रखी गई ख्वाजा साहब की दरगाह की चादर को वापस जमा करवा दिया जाएगा।

### तारागढ़ : नाना के झालरे के पानी से होगी धुलाई

तारागढ़ स्थित हजरत मीरां साहब की दरगाह प्रबंध कमेटी के सदस्य सैयद हफीज अली के अनुसार चांदरात होने से शाम चार बजे नाना के झालरे के पानी से हजरत इमाम हुसैन की चौकी को धोकर जुलूस के रूप में दरगाह परिसर के इमाम बारगाह लाया जाएगा। दरगाह के आस्ताना में मर्सिया पढ़े जाएंगे। देर शाम तक मोहर्रम महीने का चांद दिखने का ऐलान हुआ तो सभी कार्यक्रम रात्रि से शुरू हो जाएंगे।

### दौराई : कर्बला कुंआ पर होगी रस्म

चांदरात होने के कारण दौराई में रहने वाले शिया मुस्लिम शाम को मगरीब की नमाज के बाद कर्बला कुंआ पर हजरत इमाम हुसैन की चौकी धोने की रस्म अदा करेंगे। इसके बाद चौकी को मर्सिया पढ़ते हुए इमाम बारगाह लाया जाएगा। मोहर्रम महीने का चांद दिखने का ऐलान होने पर मोहर्रम के शेष कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। चांद नहीं दिखने पर मोहर्रम के कार्यक्रम बुधवार की शाम से शुरू होंगे।

## सार समाचार

### रामगंज में हरि नाम संकीर्तन



**अजमेर।** श्याम दरबार रामगंज में हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओ ने श्री श्याम बाबा की महिमा का बखान किया और भजनों पर नृत्य किया।

### नसियां में धार्मिक परीक्षा संपन्न

**अजमेर।** दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवामहिला संभाग के तत्वावधान में घर-घर में हो पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों एवं महिलाओं के लिए धार्मिक परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा तीन वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें 100 से अधिक परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सोनिका भैंसा ने बताया कि परीक्षा सोनीजी की नसियां में आयोजित की गई। जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।



### चौसठ ऋद्धि महामंडल विधान संपन्न

**अजमेर।** आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर सोनीनगर स्थित पार्श्वनाथ जिनालय में सोमवार को चौसठ ऋद्धि महामंडल विधान संपन्न हुआ। संजय जैन ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ का स्वर्ण कलश द्वारा शान्तिधारा की गई। महामंडल विधान पर 100 से अधिक अर्घ अर्पित किए गए। विधान में चौसठ रिद्धिधारियों मुनियों के चौसठ और समोशरण में तीर्थंकर भगवानों के गणधरों के चौबीस अर्घ अर्पित किए गए। सांयकाल 108 दीपकों से महाआरती कर भक्तामर पाठ किया गया।

### केशवनगर में योग शिविर प्रारंभ

**अजमेर।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा व विवेकानंद केंद्र रामकृष्ण विस्तार शाखा कन्याकुमारी के संयुक्त तत्वावधान में केशव नगर वैशाली नगर स्थित डॉ हेडगेवार उद्यान में सोमवार से सात दिन का योग शिविर प्रारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन विवेकानंद केंद्र के प्रशिक्षक दिनेश नवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर का समापन अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होगा।

### जेएलएन हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आज

**अजमेर।** अजयमेरू लेडीज सोशल सोसायटी द्वारा जेएलएन हॉस्पिटल के सहयोग से मंगलवार को 13वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। सोसायटी अध्यक्ष दिशा प्रकाश किशनानी ने बताया कि 100 यूनिट का टारगेट लिया गया है। प्रत्येक रक्तदाता को निःशुल्क रक्त जांच के साथ हीमोग्लोबिन और ब्लड ग्रुप की जानकारी भी दी जाएगी। उनको सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया जाएगा। शिविर ब्लड बैंक, जेएलएन हॉस्पिटल में सुबह 9 से 1 बजे तक लगेगा।

### झरनेश्वर महादेव मन्दिर में भंडारा आज

**अजमेर।** पूज्य झरनेश्वर महादेव मन्दिर सिंधी मण्डल के तत्वावधान में मंगलवार को श्री झरनेश्वर महादेव जी मंदिर में पूजा अर्चना व प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

### कैलाश झालीवाल सम्मानित

**अजमेर।** राजस्थान साहू समाज के संरक्षक कैलाश झालीवाल को भामाशाह के रूप में समाज के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए ब्यावर में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में समाज जनों द्वारा सम्मानित किया गया।

### पाटनी को मिला इंटरनेशनल सर्टिफिकेट

**अजमेर।** लायंस क्लब आस्था के चार्टर सदस्य अतुल पाटनी द्वारा पीड़ित एवं जरूरतमंदों को सेवाएं देने हेतु लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ए पी सिंह द्वारा भेजे गए इंटरनेशनल सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय निदेशक वी के लाडिया ने पाटनी को सम्मानित किया।

### मोहर्रम के लिए दरगाह क्षेत्र में उचित इंतजामों की दरकार

**अजमेर।** सिविल सोसायटी ने संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ को ज्ञापन देकर मोहर्रम के लिए दरगाह क्षेत्र व विश्राम स्थली पर उचित व्यवस्था करने की मांग की है। सोसायटी के सैयद गुलाम मुस्तफा, कीर्ति पाठक, विपिन बैंसिल, विश्वास तंवर, शाकिर खान, आमाद चिश्ती, गुफरान सिद्दकी, शकील अब्बासी व मेहराज खान आदि ने मोहर्रम के अवसर पर बिजली, पानी, सफाई, ताजिया के जुलूस के लिए आवश्यक इंतजाम करने की मांग की है।

### टीवी कलाकार शेख ने की जियारत

**अजमेर।** टीवी कलाकार शहजाद शेख ने सोमवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह की जियारत कर दुआ मांगी। शेख शाम को दरगाह पहुंचे और ख्वाजा साहब की मजार पर चादर-फूल पेश कर दुआ मांगी। खादिम फरीद महाराज ने जियारत कराने के बाद उनकी दस्तारबंदी की।

## सोमवती अमावस पर दान-पुण्य

**कासं/अजमेर।** पुरु षोत्तम मास की अमावस्या सोमवार को मनाई गई। लोगों ने घरों व मंदिरों में सुबह और सांय विशेष पूजा अर्चना की। जप तप हवन आदि किए गए।

**तुलसी दल सहस्त्रार्चन एवं भजन संध्या :** पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या के अवसर पर निम्बार्क कोट मंदिर में प्रातः पुजारी पण्डित रविशंकर शास्त्री द्वारा निम्बार्कगोपिजन भगवान शालिग्राम जी के श्रीचरणों में श्री गोपालसहस्त्रनाम मंत्रोच्चारण के साथ सहस्त्र तुलसी दल अर्पण किए गए। सर्वेश्वर संकीर्तन मंडल प्रवक्ता आनन्द भंसाली ने बताया कि रात्रि में भजन संध्या एक शाम पुरुषोत्तम भगवान के नाम का आयोजन किया गया। जिसमें अशोक तोषनीवाल एवं श्री सर्वेश्वर संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने ठाकुर जी के चरणों में पद - गायन एवं भजन प्रस्तुत किए। शयन आरती पश्चात् प्रसाद वितरित किया गया।

**5000 गिलास शरबत का वितरण:** श्याम सेवक कल्याण संघ और कृष्णगंज आनासागर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान मे सोमवती अमावस के अवसर पर 5000 गिलास शरबत का वितरण किया गया। जिसमें राकेश डीडवानिया, नरेन्द्र दत्त वैष्णव, मुकेश सोनी, श्याम बिहारी शर्मा, मुकेश टांक, अशोक राठी, मनीष मंत्री, मुकेश सोनी व कैलाश जोशी ने सहयोग किया।

### गौहत्या पर रोक लगे, गौमांस निर्यात हो बंद : प्रखर महाराज

**कासं/अजमेर।** सनातन धर्म रक्षा संघ अजयमेरू राजस्थान के बैनर तले तपस्वी भवन में यज्ञ सम्राट महामंडलेश्वर प्रखर महाराज के सानिध्य में धर्मसभा का आयोजन किया गया। जिसमें संत-महात्माओं एवं सनातन धर्मावलबियों ने गौ वंश संरक्षण को लेकर सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग की। धर्मसभा में इस संबंध में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन तैयार किया गया, जिसे जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री कार्यालय भेजा जाएगा। कार्यक्रम में साध्वी अनादि सरस्वती, महंत नरसिंह मंदिर होली धड़ा श्याम सुंदर शरण देवाचार्य, जगन्नाथ पुरी से संत संजय दास भक्तमाल, रामकृष्ण देव महाराज आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष अजय शर्मा, डॉ. कुलदीप शर्मा, देवेंद्र त्रिपाठी, विक्रम सिंह, अरविंद पारीक, बृजेश गौड़, राजकुमार चौरसिया, चंद्रशेखर गौड़, तरुण वर्मा आदि उपस्थित रहे। आलोक माहेश्वरी ने भजन प्रस्तुत किए।



### डीएवी कॉलेज में सिखाया राजयोग मेडिटेशन

**अजमेर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, नवाब का बेड़ा सेवा केन्द्र द्वारा ट्रांसपोर्ट विंग के माध्यम से डी.ए.वी. कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता बी.के. पारुल ने सकारात्मक चिंतन, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक सशक्तीकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से युवा वर्ग अपने जीवन में सफलता के साथ-साथ मानसिक शांति भी प्राप्त कर सकता है। बी.के. संचिता व बी.के. जयप्रकाश ने विद्यार्थियों को आध्यात्मिक जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### लायंस क्लब की प्री केबिनेट मीटिंग संपन्न

**अजमेर।** लायंस इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई 2 के लायनेस्टिक ईयर 2026-27 की प्री कैबिनेट मीटिंग बिजयनगर में प्रांतपाल निशांत जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर वी के लाडिया ने कहा कि कुछ भी सीखने के लिए उम्र, समय, जगह बाधा नहीं है। आपका हौंसला, लगन और मेहनत आपको मन मुताबिक मुकाम पर पहुंचा सकती है। इसलिए हर वक्त सीखने और अनुभव लेने के लिए तैयार रहें। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांतपाल सत्येंद्र शर्मा रहे।



## धोबी घसीटा समाज की 70 प्रतिभाएं सम्मानित

**कासं/अजमेर।** हिंदू धोबी घसीटा समाज समिति की ओर से सोमवार को फॉयसागर रोड स्थित समारोह स्थल पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठजनं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व विशिष्ट अतिथि भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी रहे। प्रारंभ में मां सरस्वती एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। समाज के लगभग 70 छात्र-छात्राओं, जिन्होंने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, उन्हें स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का आधार शिक्षा होती है। जो विद्यार्थी आज सम्मानित हो रहे हैं, वे भविष्य में समाज और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ अन्य बच्चों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। समाज के प्रतिनिधियों ने विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर समाज के लिए सामुदायिक भवन और छात्रावास निर्माण हेतु भूमि आवंटित कराने की मांग की। रमेश सोनी ने कहा कि समाज में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरुकता सकारात्मक संकेत है। इस अवसर पर अध्यक्ष दीपक बाड़ोलिया, युवा अध्यक्ष मोहन दिल्लीवाल, टीकम पवार, भूपेंद्र बारिया, कृष्ण कठुंबरिया, पन्ना पवार, पूनम बारिया, ओमप्रकाश बारिया, उषा हल्द्वानिया आदि उपस्थित रहे।

### पूज्य पारब्रह्म देव का वार्षिक उत्सव प्रारंभ

**अजमेर।** पूज्य पारब्रह्म देव का वार्षिक उत्सव नवाब का बेडा स्थित पूज्य पारब्रह्म मंदिर परिसर में सोमवार को प्रारंभ हुआ। जो 21 जून तक चलेगा। 19 जून को पूज्य पारब्रह्म देव की चमकृत छड़ी साहिब की शोभायात्रा दोपहर बारह बजे से निकाली जाएगी। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे तक हवन आरती तथा सायं 5 से 6 बजे तक माताओं के जस, व सायं 6 से 7 बजे तक चन्दर भगत भजन मंडली द्वारा कीर्तन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सायं 7 से 7.30 बजे तक छड़ी साहिब की आरती होगी। सोमवार सुबह 10 बजे कन्या भोज हुआ।

## दाहरसेन बलिदान दिवस पर आज होंगे स्मारक पर कार्यक्रम

### पूर्व संध्या पर दीपदान व हिंगलाजा माता का पूजन



**कासं/अजमेर।** सिंधुपति महाराजा दाहरसेन के 1314वें बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर दाहरसेन स्मारक पर दीपदान व हिंगलाज माता का पूजन किया गया। मंगलवार को प्रातः 8 बजे से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सिन्धुपति महाराजा दाहरसेन विकास एवं समारोह समिति की ओर से हिंगलाज माता की पूजा अर्चना के पश्चात् महाराजा दाहरसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

भारतीय सिन्धु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र तीर्थाणी ने बताया कि इस अवसर पर मुकेश खींची, कंवलप्रकाश किशनानी, भगवान गोस्वामी, सीताराम बच्चानी, प्रकाश हिंगोरानी, मोहन तुलस्याणी आदि उपस्थित थे।

समिति के सम्पत सांखला ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 8 बजे से दाहरसेन स्मारक, हरिभाऊ उपाध्याय नगर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महाराजा दाहरसेन के बलिदान दिवस पर सिंधी युवा संघ संस्था द्वारा दाहरसेन स्मारक पर मंगलवार को प्रातः 7 बजे श्रद्धा-सुमन अर्पित किए जाएंगे।

### महाराणा प्रताप स्मारक पर मेला कल

**अजमेर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती 17 जून को मनाई जाएगी। इस अवसर पर महाराणा प्रताप स्मारक पर सांय छह बजे से महाराणा प्रताप मेला आयोजित किया जाएगा। संयोजक जीतेन्द्र जोशी ने बताया कि जिसका शुभारंभ भगवान एकलिंगनाथ जी की महाआरती के साथ होगा। इंडिया इंटरनेशनल म्यूजिक लवर्स सोसायटी द्वारा देशभक्ति और राजस्थानी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। वक्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला जाएगा। समिति के महामंत्री डॉ हरीश बेरी ने बताया कि इसके अतिरिक्त समारोह को मेले का रूप प्रदान किया जाएगा। जिसमें बच्चों के लिए आकर्षक झूले एवं खाने-पीने की स्टाल की व्यवस्था होगी। भारत विकास परिषद की महाराणा प्रताप शाखा द्वारा महाराणा प्रताप बनो व क्षत्रानी बनो प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह आयोजन महाराणा प्रताप समारोह समिति, के तत्वावधान में होगा।

### हल्दीघाटी विजय पर प्रश्नोत्तरी आयोजित



**अजमेर।** हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय इतिहास संकलन समिति व भारत विकास परिषद मुख्य के संयुक्त तत्वावधान में महाराणा प्रताप को जानो लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सोमवार को प्रातः चिन्तन भवन, बी. के. कौल नगर में आयोजित की गई। जिसमें एक सौ पचास विद्यार्थियों ने भाग लिया। समिति के सचिव डॉ हरीश बेरी ने बताया कि प्रतियोगिता में लिखित एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्न आए। जिनके उत्तर प्रतियोगियों ने दिए। इनके परिणाम मंगलवार को जारी किए जाएंगे। विजेताओं को 17 जून को सायं 6 बजे महाराणा प्रताप स्मारक, पुष्कर घाटी में आयोजित होने वाले समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

### गुप्ता ई वेस्ट निस्तारण प्रांतीय सभापति बने



**अजमेर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई 2 के लायनेस्टिक ईयर 2026-27 के लिए लायंस क्लब अजमेर प्रीमियम के सदस्य विनोद गुप्ता को प्रांतपाल निशांत जैन ने ई वेस्ट के लिए प्रांतीय सभापति नियुक्त किया है। डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रांतीय नारा फ्लाईट ऑफ ड्रीम्स के साथ अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे खतरनाक कचरे को इकट्ठा करना, उसका प्रसंस्करण करना, पुनर्निर्मित हेतु आमजन में जागरूकता लाने के लिए ये नियुक्ति की गई है। इस तरह का यह लायंस में एक नवाचार शुरू किया गया है। उनका कार्यक्षेत्र राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के 150 से अधिक क्लब्स रहेंगे।

### जरूरतमंद परिवारों को मिठाई-फल वितरित

**अजमेर।** महावीर इंटरनेशनल पद्मावती द्वारा मंगलम अपार्टमेंट के पीछे रहने वाले असहाय परिवारों के बीच मिठाई, फल आदि का वितरण किया गया। चेयरपर्सन निक्की जैन ने बच्चों को स्वच्छता अपनाने, नियमित अध्ययन करने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस सेवा कार्य में सुमन राव, कांता सिंह, मोनिका ढलवाल, बीना शर्मा, रेनू सारस्वत आदि ने सहयोग दिया।

### भोजन पैकेट व आम वितरित

**अजमेर।** सामाजिक संस्था एक पहल सेवा की ओर ने सोमवार को प्रगति नगर, कोटड़ा स्थित मंगलम अपार्टमेंट्स क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे निवास कर रहे जरूरतमंद लोगों को 51 भोजन पैकेट व आम वितरित किए। इस अवसर पर शैलेश गर्ग, बबीता ईनाणी, नीरू गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## सोने चांदी में आंशिक तेजी, जिंसें स्थिर

**वाणिज्य संवाददाता**

**अजमेर, 15 जून।** कप्तान दुर्गा प्रसाद चौधरी कृषि उपज मंडी में सोमवार को मांग की कमी के चलते जिंसों में स्थिरता रही। जिंसों के भाव इस प्रकार है।

**अनाज (कर अतिरिक्त)** गेहूं ग्रेडिंग 3200-3300 देशी-शर्बती 3700 -5200, गेहूं मिल 2800-3000, जौ 2600-2800, मक्का पोल्ट्री 1900-2000, मक्का देशी 3200-4200, बाजरा पोल्ट्री 2300-2255, बाजरा देशी 2500-2600, ज्वार सीएच-2700-2800, ज्वार देशी 3000-3500 रुपए।

**तिलहन**-मूंगफली 6500-7000, दाना 8500-9500, ग्वार 5500-5700, तिल्ली 11500-12000, सरसों (लोकल) 4700-5200 तारामीरा 5000-5200।

**अशोक कुमार राकेश कुमार पड़ाव, फोन-2422372-8949316761**

**आटा, मैदा, सूजी (कर सहित)**- आटा टेन एक्स क्लासिक (10 किलो) 410, बीकानेर मैदा (15 किग्रा.) 1500, थार गोल्ड 10 किलो 360, 5 किलो 180, 50 किलो 1550, मैदा पारसमणि 1500, डबल डायमण्ड 1520, सूजी बागडी 1600, पारसमणि 1650, निवाई हलवाई स्पेशल 1750, डबल डायमंड हलवाई 1520 रूपए। मैदा, सूजी, बेसन, दलिया एक व आधा किलो की पैकिंग में उपलब्ध हैं।

**थावरदास ट्रेडर्स, लालकोठी। फोन: 9351446867**

**चावल (कर अतिरिक्त)**-कच्चा परमल 3400-3600, सिल्किन परमल 3600-3900, बासमती (मीडियम) 4600-6000, बासमती (फर्स्ट ग्रेड) 7000-10000, चावल दुबार 5500, दावत गिन्नी 6100, दावतमिनी 5800, दावत टिनी 5100, दावत निकी 4000, सेला 3500-3700, सेला स्पेशल 4500-5500, चावल टेरीकाट 6000 रुपए।

**दालें (कर सहित)** -दाल चना 6500-6800, मूंग मोगर 9000-10200, मूंग दाल 8600-9500, उड़द मोगर 10500-10200, मल्का मसूर 7000-7300, उड़द दाल 10000-10100, दाल अरहर 10300-10250, काला मसूर 7000-7300, काबली चना 8200-10500, मोठ मोगर 7800, पोया 4500-4800 रुपए, चॉवला मोगर 7100-7600.

**ढालूमल धमनदास, पड़ाव, अजमेर। फोन 2420070, 9414300428)**

**दलहन कर सहित**- चना मौसमी, चना (लोकल) 7000-7200, चना पीला काला चना 7000-7200, मूंग लोकल 7000-7500, मूंग जयपुर मिल डिलीवरी 8500-9000

**ढालूमल, दिलीप, पड़ाव 9414355265**

**मसाले** - मिर्च-(देशी) 3500-4400 (गंटूर) 27,000-33,000, मिर्च (गुजरात) 36,000-44,000, हल्दी निजाम 19,000-22,500, सांगली 25,000-29,000, धनिया 13000-21000, सौंफ 1600-3000, अजवाईन 15000-34500, राई 7800-9000, मैथी 7400-9100 जीरा मशीन क्लीन 2700-3100, जीरा लूज 2100-2500 रुपए।

**पृथ्वी मसाले- 9829077661**

**घी (प्रति टिन)**- सरस (15 किलो) 9350, कृष्णा प्रिमियम 9400, कृष्णा अलीगढ़ 9400, अमूल 9200, महान 9450, बाबा 8500, माधव 9300, मधुसुदन- 9550 रुपए।

**महावीर सेल्स कार्पोरेशन 9414002483**

**गुड़-चीनी (कर् सहित)**- महाराष्ट्र 4200-4350, रसकट 3800-4200, गुड़ नया पेड़ी-4200-4400 चीनी यूपी 4300-4400, डबल रिफाइण्ड 4600-4650 रुपए।

**जेठानंद कम्पनी, लालकोटी-9829029993**

अंडे - सैकड़ा 490, ट्रे 150 रुपए, प्रति दर्जन 70 रुपए मो. 9660649060।

### लोहे के भाव

**अजमेर, 15 जून।** (वासं)। बाजार में लोहे के भाव इस प्रकार रहे। बीआरएम गोल्ड टीएमटी-550 डी प्रति टन

| | |
|---|---|
| 12 एम.एम. | 51000 |
| 16 एम.एम. | 52000 |
| 20 एम.एम | 52000 |
| 25 एम.एम. | 52000 |
| 8 एम.एम. | 54000 |
| 10 एम.एम. | 53000 |

बीआरएम गोल्ड टीएमटी 500 (जीएसटी अतिरिक्त) 9983343237

टैयो असली पम्पस केबल पुर्जे
सोने जैसे खरे और महंगे भी नहीं
निर्माता टैक्समो इण्डस्ट्रीज, कोयम्बटूर
अधिकृत विक्रेता Since 1949 वर्मा 8, खाईलैण्ड मार्केट अजमेर, 9828054276
www.vermabuildtech.co.in
DNA 400819

मणिरत्नम ज्वैलर्स (Govt. Approved)
गोल्ड हॉलमार्क ज्वैलरी
NEW ARRIVALS ASMI DIAMOND JEWELLERY
चूड़ी बाजार, अजमेर फोन : 2428826, 2624507
DNA399101

### खुदरा भाव

**अजमेर, 15 जून।** (वासं)। स्थानीय उपभोक्ता बाजा र में किराना चीजों के भाव प्रति किलोग्राम इस प्रकार रहे।

देशी घी - सरस- 550, अमूल 575, कृष्णा-550, गगन-160 रुपए।

| दालें | | | |
|---|---|---|---|
| मूंग दाल | 110 | | |
| मूंग मोगर | 120 | | |
| उड़द दाल | 120 | | |
| मसूर दाल | 88 | | |

| | |
|---|---|
| राजमा लाल | 120 |
| काला मसूर | 88 |
| अरहर दाल | 140 |
| दाल चना | 75 |
| काबली चना | 140 |
| चना | 75 |
| **मसाले** | |
| काली मिर्च | 880 |
| दाना मैथी | 80 |
| गर्म मसाला | 1200 |
| सौंफ | 240 |
| राई | 140 |
| बड़ी इलायची | 2800 |
| जीरा | 280 |

| | |
|---|---|
| धनिया साबुत | 180 |
| हल्दी-साबुत | 280 |
| मिर्च लाल (साबुत) | 400 |
| पोया | 60 |
| अमचूर सा. | 360 |
| **मेवा** | |
| बादाम | 800 |
| काजू सा. | 880 |
| किशमिश (इ) | 480 |

न्यू जैन प्रोविजनल स्टोर, मार्टिन्टल ब्रिज के सामने 9414258623

### अजमेर सर्राफा

**अजमेर, 15 जून।** अजमेर सर्राफा बाजार के अनुसार रात्रि 8.30 बजे तक।

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट (10 ग्राम)- | 149000 |
| सोना 22 कैरेट (10 ग्राम)- | 137000 |
| चांदी प्रति किलो (1 किग्रा)- | 247000 |

### मंडी के भाव

**अजमेर, 15 जून।** मंडी में फलों थोक भाव प्रति किग्रा इस प्रकार रहे।

| | |
|---|---|
| सेब कश्मीरी | 100-140 |
| मौसमी | 32-37 |
| अन्नानास 6 दाना | 65-70 |
| केले | 33-37 |
| अनार कंधारी | 100-150 |




DNA 400446

# दुग्ध उत्पादकों, किसानों की तकलीफों को अनदेखा कर रही सरकार

**डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी का आरोप**

**अनुदान राशि का समय पर भुगतान करने की उठाई मांग**

कासं/अजमेर। अजमेर सरस डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने राज्य सरकार से पशुपालकों और डेयरी से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का बकाया भुगतान नहीं करने पर सरकार की आलोचना करते हुए पशुपालकों के हित में इसे जल्द से जल्द जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय पर भुगतान न होने से ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादकों और किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और राज्य सरकार इसे अनदेखा कर रही है।



### ये रखी मांगें

- मानसून की बुवाई को देखते हुए किसानों और डेयरी उत्पादकों के बकाये का तुरंत भुगतान हो, ताकि वे समय पर खाद-बीज खरीद सकें।
- राज्य सरकार कृषि सीजन के दौरान किसानों को उन्नत और उच्च गुणवत्ता वाले खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करे।
- सचल (मोबाइल) पशु चिकित्सा वाहनों के संचालन में सामने आई वित्तीय विसंगतियों की उच्च स्तरीय जांच करवाकर उचित कार्रवाई की जाए।

### भुगतान शीघ्र करने की जरूरत

डेयरी अध्यक्ष ने बताया कि केवल डेयरी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि कई अन्य जनहित से जुड़े क्षेत्रों में भी भुगतान प्रक्रिया को गति देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं का अनुदान, ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की राशि, ग्रामीण क्षेत्रों की वृद्धावस्था पेंशन और निजी अस्पतालों के चिकित्सा दावों का भुगतान भी पिछले कुछ महीनों से लंबित है, जिससे आम जनता को कठिनाई हो रही है। चौधरी ने रिक्त पड़े पदों को भरने और आर्थिक नीतियों को और अधिक जन-अनुकूल बनाने की बात भी कही।

चौधरी ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री दुग्ध संबल योजना के तहत दुग्ध उत्पादकों का करीब 40 करोड़ रुपए का अनुदान पिछले छह माह से लंबित है। इसी प्रकार, मिड-डे मील एवं पन्नाधाय योजना के मद में भी अजमेर डेयरी का लगभग 55 करोड़ रुपए का भुगतान पिछले एक वर्ष से बकाया चल रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में इन योजनाओं का नियमित और अग्रिम भुगतान होता रहा है, जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से चलती थी।

# नाम, जन्मतिथि और अभिभावकों के नाम में संशोधन के नियमों का सरलीकरण



**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान ने दी राहत**

कासं/अजमेर। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान ने विद्यार्थियों के हितार्थ जन्मतिथि, नाम, उपनाम तथा माता-पिता के नाम में संशोधन और परिवर्तन संबंधी नियमों को अधिक स्पष्ट एवं सरल बनाया है। उपनिदेशक जनसंपर्क के अनुसार अब स्कूल अभिलेखों और प्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर त्रुटियों के सुधार की प्रक्रिया को व्यवस्थित किया गया है।

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जन्मतिथि में संशोधन के लिए स्कूल प्रधान द्वारा सत्यापित मूल स्कॉलर रजिस्टर (एसआर), टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र), प्रवेश आवेदन पत्र तथा पूर्व स्कूल के रिकॉर्ड को आधार माना जाएगा। यदि किसी प्रकार का संशोधन एसआर, टीसी अथवा प्रवेश आवेदन पत्र में किया जाता है तो उसके समर्थन में पर्याप्त प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उच्चतम न्यायालय के निर्णयों के अनुरूप जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य सार्वजनिक दस्तावेजों को भी साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जा सकेगा। हालांकि परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक वर्ष बाद तक ही संशोधन के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जाएगा।

### नाम और उपनाम की त्रुटियों में हो सकेगा सुधार

बोर्ड ने परीक्षार्थी के नाम, उपनाम तथा माता-पिता के नाम में वर्तनी संबंधी त्रुटियों, टाइपिंग गलतियों और अन्य तकनीकी त्रुटियों को सुधारने की अनुमति दी है। इसके लिए स्कूल द्वारा सत्यापित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। आवेदन के साथ प्रवेश प्रपत्र, विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र, स्कॉलर रजिस्टर की प्रमाणित प्रति तथा आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र जैसे सार्वजनिक दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न करनी होंगी।

### नाम परिवर्तन के लिए यह होगा आवश्यक

परीक्षार्थी के नाम या उपनाम, माता-पिता के नाम या उपनाम में परिर्वतन संबंधी आवेदनों पर विचार किया जा सकता है। इसके लिए परिवर्तन को न्यायालय द्वारा स्वीकार कर लिया हो और परीक्षार्थी के परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले सरकारी राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया हो।

मित्तल हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
पुष्कर रोड, अजमेर – 305004 फोन : (0145) 2603603 मो : 80030 53111
**आवश्यकता**
- नर्सिंग स्टाफ (ICU, NICU, OT & Wards)
- फार्मेसी असिस्टेंट्स
- सिक्योरिटी सुपरवाईजर व गार्ड्स (भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता)
- वार्ड बॉयज़ / वार्ड लेडीज़
- सफाई कर्मचारी (मेल/फीमेल)

Apply to CEO or Walk-in Email : hr@mittalhospital.com
DNA 400794

# एमडीएसयू और संगम यूनिवर्सिटी भीलवाड़ा के मध्य एमओयू

कासं/अजमेर। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय एवं संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा के मध्य एक एमओयू हुआ है। इस एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थानों के मध्य फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम्स, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संयुक्त शोध परियोजनाओं, अकादमिक सेमीनारों एवं ज्ञान आदान- प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा से जोड़ने के लिए विभिन्न नवाचार आधारित गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस अवसर पर संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा के कुलगुरु प्रो. करुणेश सक्सेना एवं रजिस्ट्रार डॉ. आलोक कुमार उपस्थित रहे।



वहीं एमडीएस विश्वविद्यालय की ओर से कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल, रजिस्ट्रार कैलाश चंद्र शर्मा तथा यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रो. शिव प्रसाद मौजूद रहे।



DNA 400793

नवज्योति प्रिंटिंग प्रेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक प्रकाशक दीनबंधु चौधरी के द्वारा नवज्योति प्रिंटिंग प्रेस, नवज्योति कॉम्पलैक्स, केसरगंज एवं दीपक नगर, आई.जी. ऑफिस के पास, कांकरदा, जयपुर रोड, अजमेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक दीनबंधु चौधरी। फोन : 2426636, 2429516, 2426170 मो. 9521513345, 9251097024, 6376913695 (36 Ext. Lines) Postal Reg. No. RJ/AJ/01/2024-2026 RNI No. - 3575. E-mail: news.ajmer@dnavajyoti.com, जयपुर कार्यालय : नवज्योति कॉम्पलैक्स, जोबनेर बाग, स्टेशन रोड एवं दैनिक नवज्योति टॉवर, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर जयपुर। फोन. 2206661, 2206662, 2206663, (25 Ext.Lines), E-mail: news.jaipur@dnavajyoti.com, कोटा कार्यालय : 2, रावतभाटा रोड, कोटा। फोन नं. 0744-2941756, 757, 758, E-mail: news.kota@dnavajyoti.com, जोधपुर कार्यालय : दैनिक नवज्योति टॉवर, खसरा नं. 91, अणदाराम स्कूल के पास, नाहर रोड, जोधपुर, फोन नं. 0291-2949300, 2944630, 3554974, E-mail: news.jodhpur@dnavajyoti.com, उदयपुर कार्यालय : 1810, पनेरियों की मादरी, सवीना बाईपास रोड, डॉ. गिरिजा व्यास पेट्रोल पंप के पास, उदयपुर फोन नं. 0294-2488381, 2488382, 2488383, E-mail: news.udaipur@dnavajyoti.com

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

Special Offer

You will Get

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

Special Offer

You will Get

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW